राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात·किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 इंग्लैंड में साथ खेलते नजर...

विधायको से बात, 25-25 करोड़... 12

वर्ष : 14 | अंक : 255 | नई दिल्ली, रविवार, 28 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 15°C
न्यूनतम तापमान 1°C

**बाजार**

सोना 64,210

चांदी 78,800

सेंसेक्स 70,700

निफ्टी 21,453

## संक्षिप्त खबरें

### निरंकुशता और भाई-भतीजावाद की जगह अब प्रतिभा ने ले ली है : धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि देश में "निरंकुशता और भाई-भतीजावाद" की जगह अब "प्रतिभा" ने ले ली है और आज युवाओं के पास अपने लक्ष्य हासिल करने के अधिक अवसर हैं। यहां राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेवकों के साथ बातचीत करते हुए धनखड़ ने दावा किया कि अब कानून के समक्ष वास्तव में सभी समान हैं जबकि अतीत में कुछ लोग सोचते थे कि वे इससे ऊपर हैं। धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार और बिचौलियों का पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो गया है और युवाओं के पास अपार अवसर हैं। उन्होंने कहा, "भ्रष्टाचार की निरंकुशता को लोकतंत्र की प्रतिभा से बदल दिया गया है।" एनएसएस स्वयंसेवक उस महिला दल का हिस्सा थीं, जिसने शुक्रवार को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था।

### जनहित के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

पटना। पटना के नए जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने कहा है कि जनहित के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। विकासात्मक एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं का तत्परतापूर्वक सफल क्रियान्वयन कराया जाएगा। वे शनिवार को समाहरणालय में निवर्तमान जिला पदाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह से प्रभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. चन्द्रशेखर सर का व्यक्तित्व काफी प्रेरणाप्रद है। बतौर जिलाधिकारी, पटना वे भी सर द्वारा किए गए कार्यो में निरंतरता रखेंगे। प्रभार ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक द्वारा जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। डीएम श्री शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि प्रशासन में पारदर्शिता एवं उतरदायित्व सुनिश्चित की जाएगी। सभी पदाधिकारी आपस में सुदृढ़ समन्वय तथा सार्थक संवाद स्थापित कर जनता के कार्यो का संवेदनशीलता के साथ निष्पादन करेंगे। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# अग्निशमन वाहन संपत्ति को बचाने में काफी उपयोगी साबित होंगे : नीतीश

## सीएम ने नये अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- नये वाहनों के आने से अग्निशमन सेवा की क्षमता बढ़ेगी
- वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड से बिहार अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य के अग्निशामालयों के लिये क्रय किये गये नये अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वर्तमान में अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के कुल 46 अग्निशमन वाहनों का क्रय किया जा रहा है, जिसमें से आज 36 वाहनों का लोकार्पण किया गया है। शेष 10 वाहनों की आपूर्ति भी शीघ्र हो जायेगी। आज लोकार्पित किये गये 36 वाहनों में दो हाईड्रोलिक प्लेटफॉर्म सह टर्न टेबल एरियल लैडर (52 मीटर), 6 वाटर टेंडर टाईप-बी0 (5 हजार लीटर), 6 वाटर बाउजर (12 हजार लीटर), 10 फोम फायर टेंडर (5 हजार लीटर) तथा 12 फायर फायटिंग मोटर साइकिल शामिल हैं। इन नये वाहनों के आने से अग्निशमन सेवा की क्षमता बढ़ेगी तथा अग्निकांड के समय घटनास्थल पर शीघ्र पहुँचकर प्रभावशाली ढंग से मानव जीवन एवं संपत्ति को बचाने में ये वाहन काफी उपयोगी साबित होंगे। वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पूर्व वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को बिहार अग्निशमन सेवा के अधिकारियों द्वारा अग्निशमन वाहन सह फ्लोटिंग पम्प, न्यूमैटिक जैक, डायमंड चैन-सॉ एवं काम्बी टूल्स, स्मॉक एक्झौस्टर, लाइटिंग टॉवर आदि उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि आग लगने से होनेवाली दुर्घटनाओं के दौरान इन आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जायेगा जिससे तत्काल घटनाओं पर तेजी से काबू पाया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार अग्निशमन सेवा की पुस्तिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार होमगार्ड और फायर ब्रिगेड की डी जी शोभा अहोतकर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम ने ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर में की पूजा-अर्चना

- मुख्यमंत्री ने बक्सर जिलान्तर्गत बाबा ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर के विकास कार्य फेज-1 का उद्घाटन किया तथा फेज-2 का शिलान्यास किया
- राज्य के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बक्सर जिलान्तर्गत बाबा ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर परिसर में बाबा ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर के विकास कार्य फेज-1 का उद्घाटन किया तथा विकास कार्य फेज-2 का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा राज्य के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर का भ्रमण किया तथा मंदिर परिसर के बगल में अवस्थित तालाब का भी अवलोकन किया। 9 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत की बाबा ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर परिसर का विकास एवं सौन्दर्गीकरण कार्य का आज उद्घाटन किया गया है। इसमें मंदिर परिसर की घेराबंदी हेतु चहारदीवारी का निर्माण कराया गया है तथा मंदिर परिसर के पास 5 एकड़ में अवस्थित प्राचीन तालाब का जीर्णोद्धार कराया गया है। सार्वजनिक शौचालय एवं चेंजिंग रूम (कपड़े बदलने का कमरा) का जीर्णोद्धार तथा मंदिर में प्रवेश करने हेतु स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया है। इन कार्यों के पूरा होने से बाबा ब्रह्मेश्वर स्थान स्थान मंदिर में आनेवाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। आज उद्घाटन कार्यक्रम के साथ-साथ बाबा ब्रह्मेश्वर स्थान मंदिर के दूसरे चरण के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है जिसकी लागत 2 करोड़ 17 लाख रुपये है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए इस योजना के तहत उत्तर एवं दक्षिण दिशा में दो अन्य गेट का निर्माण, सौन्दर्गीकरण कार्य, पश्चिमी तरफ से चहारदीवारी का निर्माण, विद्युतीकरण एवं लाइटिंग इत्यादि का कार्य किया जा रहा है। इन कार्यों के पूरा होने से मंदिर की सुंदरता बढ़ेगी तथा श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, रांची हाईकोर्ट के न्यायाधीश एस एन पाठक, पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, पूर्व मंत्री अजित चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, बक्सर के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, बक्सर के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सूबे में सियासी हलचल के बीच दिन भर चलता रहा बैठकों का दौर

## राजद की बैठक में फैसले लेने को लालू अधिकृत

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। सूबे में जारी सियासी घमासान के बीच तेजस्वी यादव के आवास पर लगभग ढ़ाई घंटे तक राजद विधायक दल की बैठक चली। बैठक के बाद पार्टी ने कहा है कि आगे के सारे फैसले लेने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को अधिकृत कर दिया गया है। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए राजद सांसद मनोज झा ने कहा विधायक दल की बैठक बहुत ही सकारात्मक तरीके से हुई है। इसमें बिहार में हो रहे राजनीतिक घटनाक्रम के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा हुई। मनोज झा ने कहा कि राजद विधायक दल की बैठक में सारे विधायक और विधान पार्षद मौजूद थे। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। मनोज झा ने कहा कि राजद विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार के एनडीए में जाने पर भी चर्चा हुई है। पार्टी के विधायकों से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। राजद ने तय किया है कि वह अभी इंतजार करेगा। इस बैठक में ये तय हुआ है कि लालू जी जो फैसला लेंगे उसी के अनुसार सारे लोग काम करेंगे। मनोज झा ने दावा किया कि राजद मौजूदा सरकार को गिराने की कोशिश नहीं करेगी। राजद के सांसद ने कहा जिस सरकार की बुनियाद में इतने लोगों को नौकरी मिली है उसे सरकार को गिराने के बारे में हम लोग सोच सकते हैं क्या? तेजस्वी यादव के प्रयास से इस सरकार ने रोजगार दिया है, अस्पतालों का काया पलट कर दिया है. ऐसे में हम अपने सृजन किए हुए बच्चों की हत्या नहीं कर सकते। हमारे विधायकों ने लालू जी और तेजस्वी जी को कहा है कि आपको जो निर्णय लेना है आप लीजिए।हम मजबूती से आपके साथ हैं।

## अमित शाह व जेपी नड्डा से मिले चिराग

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। नीतीश कुमार के फिर से एनडीए गठबंधन में वापसी की खबरों से चिंतित और असहज चिराग पासवान ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर अपनी बात रखी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने अमित शाह के आवास पर शाह और नड्डा दोनों से मुलाकात कर, बिहार के राजनीतिक माहौल और नीतीश कुमार के एनडीए गठबंधन में फिर से वापसी से जुड़े तमाम पहलुओं पर चर्चा की। सूत्रों की माने तो, नीतीश कुमार के फिर से एनडीए गठबंधन में वापसी से असहज चिराग पासवान ने भाजपा के दोनों आला नेताओं से राज्य में सरकार बनाने के लिए एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बनाने और मुख्यमंत्री पद के लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार करने का आग्रह किया। बताया जा रहा है कि चिराग ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सीटों के कोटे में कोई कटौती नहीं होनी चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि बिहार के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर उनकी पार्टी के अंदर कई चिंताएं हैं और इन चिंताओं से उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेताओं को अवगत करा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार के आने की सुगबुगाहट को इशारों-इशारों में सही बताते हुए कहा कि अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ आज आधे घंटे की मुलाकात के दौरान उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की तरफ से तमाम चिंताओं और बातों को मजबूती से रखा है, कई विषयों पर बैठक में विस्तार से बात हुई है और उनके द्वारा भी उन्हें बैठक में कई विषयों पर आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव और सीटों के बंटवारे को लेकर आगे भी चर्चा होगी। हालांकि, चिराग ने कई विकल्प खुले होने की तरफ इशारा करते हुए यह भी जोड़ा कि आज की तारीख में वह कह सकते हैं कि गठबंधन को लेकर परिस्थितियां काफी सकारात्मक है। उनकी पार्टी की चिंताओं को गंभीरता से एड्रेस किया जा रहा है, लेकिन, आने वाले दिनों में स्थिति और अधिक स्पष्ट होने के बाद ही उनकी पार्टी उस आधार पर अपना फाइनल फैसला लेगी। नीतीश कुमार का स्वागत करेंगे या नहीं के सवाल पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पहले यह साफ तो हो जाए कि मुख्यमंत्री इधर आ रहे हैं या नहीं आ रहे हैं और कब आ रहे हैं, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता क्योंकि आज की तारीख में वह महागठबंधन के मुख्यमंत्री हैं। इस सवाल का जवाब तभी दिया जाएगा जब वो इस्तीफा देकर इधर (एनडीए गठबंधन) आने का औपचारिक ऐलान कर दें।

## भाजपा विधायकों सांसदों और पदाधिकारियों की बैठक

**पार्टी ने कहा - लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक**

प्रात : किरण

पटना। सूबे में जारी सियासी घमासान के बीच शनिवार को भाजपा की बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और प्रदेश के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। पार्टी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और जहां कमी हो उसे तत्काल दूर करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में भाजपा के सभी विधायकों और विधान पार्षदों ने एक स्वर में जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस साल होने वाले चुनाव में हमे पिछले प्रदर्शन को सुधारते हुए 40 में से 40 सीटों पर जीत दर्ज करनी है। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास विश्व के सबसे अच्छे नेतृत्वकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी है और समर्पित कार्यकर्ता है। ऐसे में कोई कारण नहीं है कि हम बेहतर प्रदर्शन न कर सके।

## हम स. विधानमंडल की हुई बैठक

प्रात : किरण

पटना। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के विधानमंडल की बैठक जीतनराम मांझी के आवास पर हुई। पार्टी के सभी 4 विधायक बैठक में शामिल हुए। पार्टी के संरक्षक व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बैठक में मौजूद रहे। हम पार्टी के विधानमंडल दल की बैठक में आगे की रणनिती तय की गयी। हम पार्टी का अगला कदम क्या होना चाहिए इस पर पार्टी के विधायकों से राय ली गई। हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने साफ कर दिया है कि हम एनडीए के साथ इंटैक्ट है। नीतीश जी के साथ जो दूरियां थी वह अलग बात है लेकिन हम लोग मोदी जी के साथ खड़े हैं। मोदी जी जिधर जाएंगे हम लोग उधर जाएंगे। राजद के द्वारा अप्रोच किये जाने या कम या उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के सवाब पर कहा कि राजद को अगर कुर्सी मिलेगी तो वो खुद कुर्सी पर बैठेंगे ना कि दूसरे को बैठाएंगे। नई सरकार के मंत्रिमंडल में जगह मिलने को लेकर कहा कि हम पार्टी को किसी भी कुर्सी की लालसा नहीं है।

## 'इंडिया' गठबंधन नहीं बिखरेगा, इसे मजबूत बनाने के लिए हर कदम उठाने को तैयार: कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) नहीं बिखरेगा तथा वह इसे मजबूत बनाने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि नीतीश कुमार की ह्यइंडियाह्न गठबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान है तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनसे बातचीत करने के प्रयास किए, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। बिहार को लेकर उनका कहना था कि गठबंधन में परिस्थिति बेहतर हो सकती है। रमेश ने कहा कि गठबंधन को मजबूत करने के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। सीट बंटवारे पर विलंब से जुड़े सवाल पर रमेश ने कहा, "यह कहना गलत है कि कांग्रेस की वजह से सीट बंटवारा नहीं हो सका। ऐसा नहीं है कि हमारी वजह से देरी हो रही हैङ्कराज्यों में हमारी बजबूत इकाइयां हैंङ्क.मुझे लगता है कि कुछ दिनों के भीतर हम सहमति बना लेंगे।" एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन नहीं बिखरेगा। रमेश ने कहा कि ममता बनर्जी को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होना चाहिए। उनका कहना था कि गांधी परिवार और कांग्रेस नेतृत्व ममता बनर्जी का बहुत सम्मान करते हैं। नीतीश के भाजपा के साथ जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर रमेश ने संवाददाताओं से कहा, "बिहार में नये मंत्रिमंडल के गठन की बात हो रही है भूपेश बघेल जी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। मेरी जानकारी के मुताबिक बघेल जी आज रात ही पटना पहुंच जाएंगे।" कांग्रेस नेता ने कहा, "खरगे जी ने नीतीश कुमार से बात करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी कभी बिहार के मुख्यमंत्री व्यस्त हैं तो कभी खरगे जी व्यस्त हैं। उनके (नीतीश) यहां से फोन आया कि वह जनसभा में हैं, बात करेंगे।" उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी और जनता दल(यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा बने रहेंगे। एक सवाल के जवाब में रमेश ने भगवद् गीता का श्लोक पढ़ा और कहा, "अर्जुन भगवान कृष्ण से कहते हैं जो हमारे भाई हैं, सहयोगी हैं, नहीं मानते हैं कि वंश का सर्वनाश होना और विश्वासघात करना पाप है, हम यह जानते हुए भी उनके रास्ते में क्यों चलें? आप समझ सकते हैं कि मैं क्या कहना चाहता हूं।" उनका कहना था कि अगर आप सांप्रदायिक विचारधारा से लड़ना चाहते हैं तो छोटी-मोटी बातें मायने नहीं रखतीं। उन्होंने कहा, ह्यनीतीश कुमार जी के निमंत्रण पर 23 जून को विपक्षी दलों की (पटना में) बैठक हुई थीङ्कदूसरी बैठक बेंगलुरु में हुई, जहां गठबंधन को इंडिया नाम दिया गया।

**कार्यक्रम** | **पीएम ने वार्षिक एनसीसी रैली को किया संबोधित**

## केंद्रीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी से अधिक हुई: मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत की बेटियों को हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करते हुए देख रही है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित किया। मोदी ने इससे पहले यहां एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा और सर्वश्रेष्ठ कैडेट को पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि रैली 'एक दुनिया, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना को मजबूत कर रही है। मोदी ने कहा कि 2014 में इस रैली में 10 देशों के कैडेट थे, आज यह संख्या 24 हो गई है। यह देखते हुए कि ऐतिहासिक 75वां गणतंत्र दिवस नारी शक्ति को समर्पित था, मोदी ने कहा कि देश ने जीवन के हर क्षेत्र में भारत की बेटियों द्वारा की गई प्रगति को प्रदर्शित किया है। प्रधानमंत्री ने उस समय को याद करते हुए जब समाज में महिलाओं की भूमिका सांस्कृतिक व्यवस्थाओं और संगठनों तक ही सीमित थी। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत की बेटियों को हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करते हुए देख रही है, चाहे वह भूमि, समुद्र, वायु या अंतरिक्ष हो। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाली महिला प्रतिभागियों के दृढ़ संकल्प पर प्रकाश डाला और कहा कि यह रातोंरात सफलता का परिणाम नहीं है बल्कि पिछले 10 वर्षों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने रानी लक्ष्मी बाई, रानी चेन्नम्मा और रानी वेलु नचियार जैसे बहादुर योद्धाओं का उल्लेख करते हुए कहा, भारतीय परंपराओं में नारी को हमेशा शक्ति के रूप में माना गया है, जिन्होंने अंग्रेजों को कुचल दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने देश में नारी शक्ति की इस ऊर्जा को लगातार मजबूत किया है।

उन्होंने उन क्षेत्रों में महिलाओं के प्रवेश में सभी बाधाओं को दूर करने का उल्लेख किया जो कभी वर्जित या सीमित थे और तीनों रक्षा बलों की अग्रिम पंक्ति को खोलने, रक्षा में महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन, और कमांड भूमिकाओं और युद्ध पदों को खोलने का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ₹चाहे अग्निवीर हों या लड़ाकू पायलट, महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है।₹ उन्होंने सैनिक स्कूलों में छात्राओं के लिए प्रवेश खोलने का भी जिक्र किया। मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है, जबकि राज्यों को राज्य पुलिस बल में अधिक महिलाओं की भर्ती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि भारत अपना 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह ऐतिहासिक क्षण देश की नारी शक्ति को समर्पित किया गया है। कल कर्तव्य पथ पर हम सभी ने नारी शक्ति की क्षमताओं को देखा। हमने दुनिया को दिखाया कि भारत की नारी शक्ति क्या अद्भुत काम कर रही है और कैसे वे हर क्षेत्र में मील के पत्थर हासिल कर रही हैं। यह पहली बार था कि महिला दलों ने इतनी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए कैडेटों की उपस्थिति को देखते हुए कहा, ₹एनसीसी कैडेटों के बीच उपस्थित होना एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार को उजागर करता है।₹ उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एनसीसी का दायरा लगातार बढ़ रहा है और कहा कि आज का अवसर एक नई शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों के 400 से अधिक सरपंचों और देश भर के स्वयं सहायता समूहों की 100 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति का भी उल्लेख किया, जिन्हें सरकार वाइब्रेंट विलेजेज योजना के तहत विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि ये जो हम 'विकसित भारत' बनाने वाले हैं, उसका लाभार्थी मोदी नहीं है। इसके लाभार्थी आप जैसे युवा हैं, इसके लाभार्थी स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी हैं। विकसित भारत और भारत के युवाओं का उत्थान एक साथ ऊपर जाएगा, इसलिए आप सभी को मेहनत करने में एक पल भी गंवाना नहीं चाहिए। भारत की डिजिटल क्रांति के प्रमाण में, प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल अर्थव्यवस्था की तेजी से वृद्धि और युवाओं पर इसके गहरे प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, पिछले 10 वर्षों में, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था हमारे युवाओं के लिए ताकत का एक नया स्त्रोत बन गई है।

सम्पादकीय

## भारत की क्या राय?

निर्गुट सम्मेलन के बाद जारी घोषणापत्र में जो बातें कही गईं, वे इजराइल-फिलस्तीन के मौजूदा युद्ध के बारे में भारत के रुख से मेल नहीं खातीं। इसमें गजा में इजराइली कार्रवाई की दो टूक निंदा की गई, मगर हमास को कोई जिक्र नहीं किया गया। शीत युद्ध के दौर में गुटनिरपेक्ष आंदोलन एक महत्त्वपूर्ण आवाज था। लेकिन सोवियत संघ के विखंडन के साथ चूंकि तत्कालीन एक गुट का विलोप हो गया, तो इस आंदोलन ने भी अपनी प्रासंगिकता खो दी। इसके बावजूद इस समूह को इससे जुड़े देशों ने जिंदा रखा और अब जबकि दुनिया फिर से भूमंडलीकरण की उलटी दिशा में चल पड़ी है, तो अचानक इसका शिखर सम्मेलन मीडिया की सुर्खियों में आया। भारत में इसको लेकर और जिज्ञासा पैदा हुई क्योंकि विदेश मंत्री जयशंकर 120 देशों की सदस्यता वाले इस समूह की शिखर बैठक में भाग लेने यूगांडा की राजधानी कंपाला गए। विदेश मंत्री ने सम्मेलन में ग्लोबल साउथ की एकता पर जोर दिया और इस मकसद को हासिल करने में निर्गुट आंदोलन की भूमिका की चर्चा की। बहरहाल, सम्मेलन के बाद जारी घोषणापत्र में जो बातें कही गईं, वे कम-से-कम इजराइल-फिलस्तीन के मौजूदा युद्ध के बारे में भारत के रुख से मेल नहीं खातीं। इसमें गजा में इजराइली कार्रवाई की दो टूक निंदा की गई, मगर हमास को कोई जिक्र नहीं किया गया। आतंकवाद की चर्चा सामान्य रूप में ही हुई और उसका विरोध किया गया। जबकि बीते सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमलों को भारत ने आतंकवाद बताया था और उसकी दो टूक निंदा की थी। घोषणापत्र में गजा में तुरंत युद्धविराम की मांग की गई, जबकि भारत वहां मानवीय आधार पर लड़ाई रोकने की वकालत करता रहा है। कहा जा सकता है कि कंपाला घोषणापत्र में इस समय ग्लोबल साउथ की आम सोच प्रतिबिंबित हुई। चूंकि घोषणापत्र साझा है, इसलिए यह आम अनुमान लगाया जाएगा कि भारत इसमें कही गई बातों से सहमत है। क्या सचमुच ऐसा है? इस बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय को अवश्य जानकारी देनी चाहिए। भारतीय विदेश नीति के बारे में स्पष्टता बनाने के लिए यह अवश्यक है। बहरहाल, गौरतलब है कि यूगांडा ने निर्गुट सम्मेलन के तुरंत बाद विकासशील देशों के अन्य समूह ग्रुप-77 की चीन के साथ बैठक आयोजित की। हालांकि नाम ग्रुप-77 है, लेकिन इसमें 135 देश शामिल हैं। इसे संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों के बीच तालमेल के लिए बनाया गया था।

## मोदी के नशे का तोड़ क्या?

शकील अख़्तर

उधर के भक्त मोदीजी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते मगर इधर के भक्त किसी काम के नहीं। और बात भक्तों की क्या कांग्रेस के बड़े नेता भी या दूसरे विपक्षी दलों के नेता भी केवल मोदी विरोध को ही हथियार बनाए हुए हैं लेकिन मोदी के और बढ़ते जादू, उनके नशे का तोड़ नहीं ढूंढ पा रहे। ज्विपक्ष याद रखे भूखे भजन न होई गोपाला! बेरोजगार, महंगाई की मार से त्रस्त जनता ज्यादा समय तक भजन नहीं कर सकती। यही सही और आखिरी समय है जब उसे जगा दिया जाए। भक्त उधर भी हैं। भक्त इधर भी। मगर फर्क है। उधर के भक्त मोदीजी को कोईनुकसान नहीं पहुंचाते मगर इधर के भक्त किसी काम के नहीं। वे राहुल को याइंडिया गठबंधन को फायदा पहुंचाने के बदले केवल मोदी विरोध से खुश होतेरहते हैं। मगर इस खुश होने से कोई फायदा नहीं। नरेंद्र मोदी कमजोर नहीं होते हैं। और बात भक्तों की क्या कांग्रेस के बड़े नेता भी या दूसरे विपक्षी दलोंके नेता भी केवल मोदी विरोध को ही हथियार बनाए हुए हैं लेकिन मोदी के औरबढ़ते जादू, उनके नशे का तोड़ नहीं ढूंढ पा रहे। यही विपक्ष का असली मसला है। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को एक बड़े अंग्रेजी अखबार ने अपने फ्रंट पेज पर केवल फोटो छापा। पूरे पेज पर रामलला के साथमोदी जी। बाकी अखबारों ने गर्भ गृह के योगी जी, मोहन भागवत सबके फोटोछापे। मगर असली फोटो मोदी जी का है। यही चुनाव में चलेगा। अब यह बात किसी से छुपी नहीं है कि मोदी जी अपना तीसरा चुनाव मंदिर के नाम पर ही लड़ेंगे। उनका लक्ष्य देश का सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्रीरहना है। वैसे तो 1947 से जोड़ा जाए तो पंडित नेहरू 16 साल से अधिकप्रधानमंत्री रहे। लेकिन अगर 1952 के पहले आम चुनाव से जोड़ा जाए तो सबसेअधिक प्रधानमंत्री रहने का रिकार्ड इन्दिरा गांधी के नाम है। मोदी एक केबाद एक चुनाव जीतकर उसी को तोड का प्रयास कर रहे हैं। धर्म का नशा जिसे दुनिया का सबसे तेज और गहरे प्रभाव वाला नशा कहा जाताहै अब पूरी तरह फैला दिया गया है। इसका तोड़ ढूंढे बिना कांग्रेस याइन्डिया गठबंधन मोदी का मुकाबला नहीं कर सकती। कांग्रेस ने बहुत कमेटियां बना रखी हैं। पोलिटिकल, विचार, स्ट्रेटेजी पतानहीं क्या क्या! मगर अभी हुए विधानसभाओं में तीन जीते हुए राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ हारने से मालूम पड़ा कि न तो कोई कमेटीकाम कर रही है और न किसी नेता का प्रभाव। जैसे बॉल को देखने के बदले कहींऔर देखने लगने से हाथ में आया कैच छुट जाता है वैसे ही कांग्रेस ने यहतीनों राज्य गंवा दिए। और इससे सबक क्या लिया? कुछ नहीं। हार की समीक्षाके लिए हर राज्य की मीटिंग हो गई। मगर नतीजा क्या निकला?अपने प्रवक्ता को नोटिस दे दो! किसलिए? क्योंकि उसने कहा कि हमें जगह जगहटीवी में जाना पड़ता है वहां अगर एंकर वह हो जिसका इंडिया गठबंधन नेबायकाट कर रखा है तो हम डिबेट में शामिल नहीं हो सकते। नहीं होते। मगरफिर वे लोग पूछते हैं कि जब अंग्रेजी चैनल की एंकर नविका कुमार जिसकाआपके गठबंधन इंडिया ने बाकायद लिस्ट निकालकर बायकाट किया था उसे कांग्रेसके नेता कमलनाथ हवाई जहाज में बिठाकर इंटरव्यू क्यों दे रहे थे तो हमारेपास कोई जवाब नहीं होता है। प्रवक्ता आलोक शर्मा की इस बात पर कांग्रेसके मीडिया डिपार्टमेंट ने उन्हें नोटिस दे दिया। कांग्रेस में इस बात काकड़ा विरोध हो रहा है कि काम करने वाले फ्रंट पर लड वाले फुट सोल्जर(अग्रिम पंक्ति के सिपाही) से सवाल पूछा जा रहा है और जनरल बनकर युद्धहराने वाले से किसी की कुछ कहने की हिम्मत नहीं है। 2014 का चुनाव भी हराने वालों से भी कांग्रेस कुछ नहीं पूछ सकी। 2019 मेंतो राहुल जो पार्टी अध्यक्ष थे उस समय उन्होंने खुद कहा कि मेरा साथ किसीने नहीं दिया उस समय भी पार्टी खामोश रही और अब जब लगातार तीसरा चुनावसिर पर है तो पार्टी फ्रंट पर लड वालों का मनोबल तोड़ रही है। क्याकांग्रेस को मालूम है कि भाजपा के प्रवक्ता जो तर्क में, तथ्य में, भाषाशैली प्रवाह में आलोक शर्मा का मुकाबला नहीं कर पाते थे वे कांग्रेसद्वारा ही उन्हें कटघरे में खड़ा करने पर कितने खुश हैं? वह एंकर जिनसेआलोक शर्मा सीधे कह देते थे कि भाजपा के प्रवक्ता की तरह बात मत कीजिएपत्रकार की तरह कीजिए उन्हें नोटिस मिलने पर कितने खुश हैं?कमलनाथ को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया जाना चाहिए। और जैसा कि मध्यप्रदेश में उन्होंने खुद को भावी मुख्यमंत्री कहलवाना शुरू कर दिया थावैसे ही यहां भी भावी प्रधानमंत्री कहलवाने लगेंगे। और उनके बेटे नकुलनाथने जैसे वहां उनके शपथ ग्रहण की तारीख बता दी थी यहां भी प्रधानमंत्री केतौर पर उनके शपथ ग्रहण की तारीख बता देंगे। राहुल बेकार में यात्रा कर रहे हैं। डरो मत का नारा दे रहे हैं। कह रहेहैं कि भाजपा में तानाशाही है हमारे यहां कोई भी कार्यकर्ता हमसे सीधासवाल कर सकता है। वहां उनके सबसे दमदार प्रवक्ता से उनकी ही पार्टी कहरही है चुप रहिए। जो काम भाजपा और गोदी मीडिया नहीं कर पाई वह कांग्रेसने ही कर दिया। धन्य हो पार्टी। वह यह भी भूल गई कि अभी तीन साल पहले ही उसका प्रवक्ताराजीव त्यागी ऐसे ही बहादुरी से गोदी मीडिया के अपमानजनक सवालों से जुझतेहुए लाइव डिबेट में ही अपनी जान खो बैठा था। अब कांग्रेस उन्हें याद भीनहीं करती है। तो क्या कांग्रेस ऐसे ही चलेगी! क्या राहुल को पता होता है कि कांग्रेसमें क्या चल रहा है? उन्हें यात्रा पर लगा दिया है। यात्रा अच्छी चल रहीहै। खूब भीड़ आ रही है। पहली यात्रा में भी आई थी। उसमें खूब मध्य प्रदेश और राजस्थान रहे थे। मध्य प्रदेश के लिए तो दावा किया था कि हम जीत रहेहैं। 150 सीट बोलीं थीं। मगर मध्य प्रदेश सबसे बुरी तरह हारे। यात्रा अच्छी चीज है। मगर चुनावी नतीजे न दे तो किस काम की। केवल राहुलको उलझाए रखना! समय लगातार कठिन से कठिनतर होता जा रहा है। असम में रोजभाजपा के मुख्यमंत्री उन्हें परेशान कर रहे हैं। मंदिर नहीं जाने दे रहे। यूनिवसीर्टी नहीं। गोहाटी शहर में नहीं। हर कदम पर बाधा। यह भविष्य केखतरनाक संकेत हैं। अगर तीसरी बार भी मोदी जीत गए तो फिर कांग्रेस के नेता अपने कार्यकताओंसे ही लड़ते रह जाएंगे। भाजपा से लड की हिम्मत उनकी नहीं पड़ेगी। मोदीजी से लड का तो सवाल ही नहीं है। उनसे एक अकेले लड वाले राहुल कोऐसे ही खर्च कर देंगे। सवाल है भाजपा की मोदी की धर्म की राजनीति का तोड़ क्या? मुकाबला कैसे ?जनता परेशान है। मगर इलाज धर्म में ही ढुंढ लेती है। कोई और इलाज उसकेपास पहुंचाया ही नहीं जा रहा।

# आवासीय निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ता भारत

हाल ही के समय में भारत में भी यह सब होता हुआ दिखाई दे रहा है। अभी हाल ही में दिल्ली के पास गुरुग्राम में एक सर्वसुविधा युक्त आवासीय प्रोजेक्ट की घोषणा की गई थी। इस आवासीय प्रोजेक्ट में 7, 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 1113 फलैट्स मात्र 3 दिन में ही बिक गए थे। यह भारत की आर्थिक सम्पन्नता को दशार्ता है। वैसे भी भारत में मकान खरीदने को एक ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में देखा जाता है और इसे भावनात्मक अनुभव एवं वित्तीय सुरक्षा की गारंटी माना जाता है। इस दृष्टि से भारत में आवासीय निर्माण के लिए वर्ष 2023 एक अति सफल वर्ष साबित हुआ है और इसके आधार पर यह कहा जा रहा है कि वर्ष 2024 इससे भी अधिक बढ़िया वर्ष साबित होने जा रहा है। विदेशी आक्रांताओं एवं अंग्रेजों द्वारा भारत को पिछले 1000 से अधिक वर्षों के दौरान लूटा खसोटा गया है। अब जाकर भारत का पुनर्निर्माण काल प्रारम्भ हुआ है। अभी तक भारतीय नागरिकों का लक्ष्य अपने सर पर छत होना अधिक महत्वपूर्ण कार्य था परंतु अब इसे सर्वसुविधा युक्त आवास के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। भारत को मिली राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के समय से विभिन्न सरकारों द्वारा देश में पब्लिक हाउसिंग प्रोजेक्ट प्रारम्भ किए गए थे। इन प्रोजेक्ट के माध्यम से विभिन्न सरकारों द्वारा नागरिकों के लिए घर बनाकर उपलब्ध कराए जाते रहे हैं।





प्रहलाद सबनानी
लेखक भारतीय जन संचार संस्थान

भारत में किसी परिवार के पास रहने के लिए यदि अपनी छत है तो इसे उस परिवार की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। आर्थिक समृद्धि के शुरूआती दौर में केवल अपनी छत होने को ही उस परिवार विशेष के लिए आर्थिक सफलता का एक पैमाना माना जाता है। परंतु, धीरे धीरे वह परिवार आर्थिक तरक्की करते करते इस स्तर पर पहुंच जाता है कि उसे इस छोटे से मकान के स्थान पर सर्वसुविधा युक्त एक बड़े मकान की आवश्यकता महसूस होने लगती है। इस प्रकार का आर्थिक विकास किसी भी देश के लिए शुभ माना जा सकता है। हाल ही के समय में भारत में भी यह सब होता हुआ दिखाई दे रहा है। अभी हाल ही में दिल्ली के पास गुरुग्राम में एक सर्वसुविधा युक्त आवासीय प्रोजेक्ट की घोषणा की गई थी। इस आवासीय प्रोजेक्ट में 7, 200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 1113 फलैट्स मात्र 3 दिन में ही बिक गए थे। यह भारत की आर्थिक सम्पन्नता को दशार्ता है। वैसे भी भारत में मकान खरीदने को एक ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में देखा जाता है और इसे भावनात्मक अनुभव एवं वित्तीय सुरक्षा की गारंटी माना जाता है। इस दृष्टि से भारत में आवासीय निर्माण के लिए वर्ष 2023 एक अति सफल वर्ष साबित हुआ है और इसके आधार पर यह कहा जा रहा है कि वर्ष 2024 इससे भी अधिक बढ़िया वर्ष साबित होने जा रहा है।

विदेशी आक्रांताओं एवं अंग्रेजों द्वारा भारत को पिछले 1000 से अधिक वर्षों के दौरान लूटा खसोटा गया है। अब जाकर भारत का पुनर्निर्माण काल प्रारम्भ हुआ है। अभी तक भारतीय नागरिकों का लक्ष्य अपने सर पर छत होना अधिक महत्वपूर्ण कार्य था परंतु अब इसे सर्वसुविधा युक्त आवास के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। भारत को मिली राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के समय से विभिन्न सरकारों द्वारा देश में पब्लिक हाउसिंग प्रोजेक्ट प्रारम्भ किए गए थे। इन प्रोजेक्ट के माध्यम से विभिन्न सरकारों द्वारा नागरिकों के लिए घर बनाकर उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। साथ ही, बाद के खंडकाल में सरकारों द्वारा देश में भूमि सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए ताकि खाली पड़ी जमीन को शहरों में रिहायशी इलाकों के तौर पर विकसित किया जा सके। इन भूमि सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के बाद निजी क्षेत्र में भी रिहायशी मकानों को बनाने की अनुमति प्रदान की गई। इसके बाद से तो देश में सर्व सुविधा युक्त आवासीय प्रोजेक्ट की जैसे बाढ़ ही आ गई। इन विभिन्न प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित होने वाले सर्व सुविधा युक्त मकान हाथो हाथ बिकने भी लगे। अब तो देश में बड़े बड़े रिहायशी मकान के प्रोजेक्ट, सूचना प्रौद्योगिकी पार्क, शॉपिंग माल्स आदि भारी मात्रा में विकसित किए जा रहे हैं। अब तो अति महंगे एवं बड़े आकार के फलैट्स भी भारत में आसानी से हाथों हाथ बिकने लगे हैं। वर्ष 2024 आते आते भारत का रियल एस्टेट बाजार अब पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ता बाजार बन गया है। आज भारत के समस्त बड़े महानगरों में एक बात सामान्य सी नजर आती है कि यहां बहुमंजिला इमारतों का निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। वर्ष 2023 में भारत का रियल एस्टेट बाजार लगभग 26, 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो 2030 में बढ़कर एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने वाला है और 2047 तक 5.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का।

वर्तमान में रियल एस्टेट बाजार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत का योगदान करता है एवं इस क्षेत्र में 5 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। रियल एस्टेट क्षेत्र के आगे बढ़ने से विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े अन्य कई उद्योगों को भी बढ़ावा मिलता है। जैसे सीमेंट उद्योग, स्टील उद्योग, ग्लास उद्योग, आदि। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2047 तक रियल एस्टेट बाजार का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 15 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। भारत में वर्ष 2022 में 3.27 लाख करोड़ रुपए की कीमत के मकान बेचे गए थे एवं वर्ष 2023 में 4.5 लाख करोड़ रुपए की कीमत के मकान बेचे गए। इस प्रकार वर्ष 2023 में इस क्षेत्र में 38 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। इस क्षेत्र में मांग बहुत अधिक तेज बनी हुई है। भारत में रिहायशी मकानों की दृष्टि से सबसे बड़े 7 बाजार हैं - मुंबई, दिल्ली एनसीआर, बंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, एवं पुणे। यह भारत के सबसे बड़े महानगर भी माने जाते हैं। भारत में रिहायशी मकानों के बिक्री में इतनी अधिक वृद्धि दर इसलिए दर्ज हो रही है क्योंकि भारत में आर्थिक विकास ने तेज गति पकड़ ली है। गरीब वर्ग, मध्यम वर्ग बन रहा है तो मध्यम वर्ग अमीर वर्ग। इसलिए महंगे महंगे फलैट्स की मांग अधिक तेजी से बढ़ रही है। दूसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी ब्याज दरों को पिछले लम्बे समय से स्थिर रखा हुआ है। साथ ही, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी अब घटने लगी है। भारत के मध्यम वर्ग की आय बढ़ी है और वे रियल एस्टेट में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार भी नागरिकों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहन दे रही है। आय कर की दरें कम की गई हैं। नए मकान खरीदने वालों को केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। ह्लस्कीम फोर अफोर्डबल हाउसह्न लागू की गई है। परंतु, भारत में केवल अफोर्डबल मकान ही नहीं खरीदे जा रहे हैं बल्कि अब नागरिक सर्वसुविधा युक्त महंगे मकानों में भी निवेश कर रहे हैं। किसी मकान की कीमत 1.5 करोड़ रुपए से अधिक होने पर उसे सर्वसुविधा युक्त मकान की श्रेणी में गिना जाता है एवं मुंबई में 2.5 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत वाले मकान को सर्व सुविधा युक्त श्रेणी के मकान में गिना जाता है। भारत में वर्ष 2023 में सर्वसुविधा युक्त मकानों की बिक्री 130 प्रतिशत बढ़ गई हैं। भारत में वर्ष 2022 में 3000 सर्वसुविधा युक्त मकानों की बिक्री हुई थी जबकि वर्ष 2023 में 6900 सर्वसुविधा युक्त मकानों की बिक्री हुई है।

जिन रिहायशी मकानों की कीमत 40 करोड़ रुपए से अधिक होती है उन्हें अल्ट्रा सर्वसुविधा सम्पन्न रिहायशी मकान की श्रेणी में गिना जाता है। वर्ष 2023 में इन मकानों की बिक्री 200 प्रतिशत बढ़ गई है। देश के 7 महानगरों में लगभग 600 अल्ट्रा सर्वसुविधा सम्पन्न मकान भारत में बिके हैं। यह दशार्ता है कि भारत में अति समृद्ध नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में करोड़पति (मिलिनायर) नागरिकों की जनसंख्या 69 प्रतिशत बढ़ गई है।

# अब तो मान लीजिये कि मंदिर सरकार का है...

माननीय राष्ट्रपति महोदया ने अपने सम्बोधन में स्पष्ट कहा कि– इस सप्ताह के आरंभ में हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। भविष्य में जब इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा, तब इतिहासकार, भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में इसका विवेचन करेंगे। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अब यह एक भव्य संरचना के रूप में शोभायमान है। यह मंदिर न केवल जन–जन की आस्था को व्यक्त करता है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है। राघवेंद्र सरकार यानि राजाराम यानि रामलला सब एक ही माया हैं। उनका मंदिर टूटना मुगलकालीन राजनीति का एक हिस्सा था और उनके मंदिर के स्थान पर बनी बाबरी मस्जिद को तोड़ना आजाद भारत की एक राजनीतिक घटना किन्तु पुनः राम मंदिर का निर्माण होना फिर एक राजनीतिक घटना है। इसे इतिहास में दर्ज किया जाएगा। इतिहास तो इतिहास होता है। उसे बनाया और बिगड़ा जाता है। आज से नहीं सदियों से ये काम हो रहा है। राम मंदिर हमारी केंद्र सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। इसे बनाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा को न जाने कितनी मेहनत करना पड़ी। लेकिन विरोध किसी का नहीं सहना पड़ा। देश के मुसलमानों ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुपचाप स्वीकार कर लिया।





राकेश अचल
स्वतंत्र लेखक

पिछले अनेक दशकों में राजनीति के केंद्र में रहा अयोध्या का विवादास्पद राम मंदिर राघवेंद्र सरकार या किसी रामानंदी सम्प्रदाय का नहीं अपितु भारत सरकार की उपलब्धि है। ये मानने से अब हमारी सरकार का संकोच दूर हो गया है और ये एक अच्छी बात है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम सम्बोधन में अयोध्या में राम मंदिर बनने और वहां रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का उल्लेख इसका प्रमाण है।

माननीय राष्ट्रपति महोदया ने अपने सम्बोधन में स्पष्ट कहा कि- इस सप्ताह के आरंभ में हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। भविष्य में जब इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा, तब इतिहासकार, भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में इसका विवेचन करेंगे। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अब यह एक भव्य संरचना के रूप में शोभायमान है। यह मंदिर न केवल जन-जन की आस्था को व्यक्त करता है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।

राघवेंद्र सरकार यानि राजाराम यानि रामलला सब एक ही माया हैं। उनका मंदिर टूटना मुगलकालीन राजनीति का एक हिस्सा था और उनके मंदिर के स्थान पर बनी बाबरी मस्जिद को तोड़ना आजाद भारत की एक राजनीतिक घटना किन्तु पुनः राम मंदिर का निर्माण होना फिर एक राजनीतिक घटना है। इसे इतिहास में दर्ज किया जाएगा। इतिहास तो इतिहास होता है। उसे बनाया और बिगड़ा जाता है। आज से नहीं सदियों से ये काम हो रहा है। राम मंदिर हमारी केंद्र सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। इसे बनाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा को न जाने कितनी मेहनत करना पड़ी। लेकिन विरोध किसी का नहीं सहना पड़ा। देश के मुसलमानों ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुपचाप स्वीकार कर लिया।

भाजपा की मंदिर बनाने की और मस्जिद तोड़ने की जिद पूरी हो गयी है, लेकिन भाजपा को याद रखना चाहिए कि मंदिर बनाने मात्र से न देश में राम राज आता है और न देश की श्रीवृद्धि होती है। यदि ऐसा होता तो एक छोटे से देश कम्बोडिया में विश्व का सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर बना हुआ है किन्तु वहां की जनता आज भी भुखमरी का शिकार है। क्योंकि वहां भी कबीलाई गृहयुद्धों ने सब कुछ बर्बाद कर दिय। धर्म कम्बोडिया की संस्कृति तो दूर आबादी की भी रक्षा नहीं कर सका। कम्बोडिया में आज साठ साल से ऊपर का कोई आदमी खोजने पर भी नहीं मिलता क्योंकि अधिकांश लोग धार्मिक उन्माद में कत्ल कर दिए गए।

भारत में गणतंत्र की स्थापना का ये अमृत वर्ष है इसलिए अब देश की राजनीति को धर्म की राजनीति से मुक्ति देकर एक बार फिर से जनतांत्रिक मूल्यों के आधार पर राजनीति शुरू की जाना चाहिए। इस राजनीति की शुरूवात आज के सत्तारूढ़ दल से तो होने से रही, इसलिए मुमकिन है कि देश को इसके लिए लंबा इन्तजार करना पड़े। एक बार देश की राजनीति बेपटरी हो जाये तो उसे पटरी पर लाने में आखिर वक्त तो लगता है। इस वक्त भारत का विपक्ष एक तरह से कबीलों में बंटा है। कांग्रेस को छोड़ कोई राष्ट्रीय दल नहीं है जिसका अपना कोई अतीत, कोई विरासत या कोई स्पष्ट विचारधारा हो। संयोग से कांग्रेस एक दशक से सत्ता से दूर है और पता नहीं उसे दोबारा सत्तारूढ़ होने में कितना वक्तलगे।

मुमकिन है कि भारतीय जनता का एक बड़ा हिस्सा धर्म की राजनीति के साथ खड़ा हो या भविष्य में खड़ा हो जाये, लेकिन ये भी सच है कि धर्म की राजनीति से देश का कल्याण सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। हालाँकि धर्म की राजनीति के पक्ष में भाजपा के लिए पूर्णकालिक या दिहाड़ी पर काम करने वाले विद्वान ये साबित कर सकते हैं कि राजनीति के लिए धर्म एक आवश्यक घटक है। भविष्य की राजनीति के बारे में अभी से कोई घोषणा नहीं की जा सकती क्योंकि लोकतंत्र की जड़ों में इतना मठा डाला जा चुका है कि लोकतंत्र के बरगद को गिरने से बचने के लिए बहुत जतन करना पड़ेंगे।

धर्म को लेकर अनेक धारणाएं हो सकती हैं किन्तु मेरी अपनी धारणा ये है कि धर्म और राजनीति दो अलग अनुभव है। भारतीय इतिहास और संस्कृति में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां धर्मराज कहे जाने वाले लोग भी जुआरी पाए गए हैं। उन्हें एक ही स्त्री को पांच लोगों में सामान की तरह तकसीम करते हुए बताया जाता है। अर्थात धर्म समय के साथ बदलता रहता है, उसकी मान्यताएं, अस्थायें बदलती रहतीं हैं लेकिन लोकतंत्र के साथ ऐसा नहीं है। दुनिया में जो लोकतान्त्रिक मूल्य हैं वे स्पष्ट और अक्षुण्य है। आती-जाती सत्ताएं उन्हें बदलने की कोशिश तो करती हैं लेकिन बदल नहीं पातीं, हां नुक्सान जरूर पहुंचाती है।

बहरहाल अच्छा हुआ कि सरकार ने मान लिया की अयोध्या में बना राम मंदिर एक सरकारी उपलब्धि है। चूंकि मंदिर है और उसके प्रति आस्था का सैलाब यानि की हिस्टीरिया पैदा करने के लिए सरकार और सरकारी पार्टी ने अनथक प्रयास किया है इसलिए उसे उसका प्रतिसाद भी मिलेगा, बल्कि मिलना शुरू हो गया है। चूंकि हम एक धर्मभीरु समाज से आते हैं जहां किसी अनगढ़ पत्थर पर भी यदि सिन्दूर पोतकर उसकी पूजा शुरू कर दी जाये तो वहां मेले लगने लगते हैं ऐसे में अयोध्या में तो करोड़ों रुपए खर्च कर हजारों की शहादत केबाद मंदिर बना है इसलिए उसकी प्रतिष्ठा तो बढ़ना ही है। बढ़ना भी चाहिए क्योंकि एक ठगी की व्यवस्था से निराश जनता आखिर जाएगी कहाँ ? उसे मंदिर चाहिए।

अब कांग्रेस माने या न माने लेकिन अयोध्या का राम मंदिर एक हकीकत है। आने वाले दिनों में इसे देश की धरोहर माना जाएगा, ये बात अलग है कि इसका संचालन संतों-महंतों की कोई पारम्परिक पीठ न कर, नागपुर में प्रशिक्षत लोग करें। लेकिन इससे कुछ फर्क पड़ने वाला नहीं है। यहाँ विराजे रामलला सब देख लेंगे। वे सब देख रहे है। यदि देश में उनके दोबारा आने के बाद रामराज न आया तो वे झूठे लोगों की खबर भी ले सकते हैं।

# भारतीय राजनीति का अंतिम मोर्चा

अजीत द्विवेदी

क्या यह माना जाए कि भारत की राजनीति बदलाव के उस मोड़ पर है, जहां वह आधुनिक इतिहास में पहले कभी नहीं पहुंची और उस मोड़ पर जो मुकाबला होना है वह फाइनल फ्रंटियर यानी अंतिम मोर्चे की तरह है? अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के बाद अगले तीन-चार महीने में लोकसभा का चुनाव होना है। इस चुनाव में एक तरफ हिंदू धर्म की ध्वजा उठाए नरेंद्र मोदी और उनकी अक्षौहिणी सेना होगी तो दूसरी ओर भारत की विविधता, बहुलता और न्याय की दुहाई देते हुए देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस होगी, जिसके साथ या पीछे पीछे जातीय विभाजन की फॉल्टलाइन को बढ़ा कर राजनीति करने वाली मंडल की पार्टियां और भाषायी अस्मिता की राजनीति करने वाली पार्टियां होंगी। पूरब से पश्चिम और दक्षिण तक ऐसी कई पार्टियां हैं। इस लिहाज से अगले चुनाव को मंडल और कमंडल की लड़ाई का फाइनल फ्रंटियर कह सकते हैं तो साथ ही उत्तर और दक्षिण की लड़ाई का भी अंतिम मोर्चा मान सकते हैं। जो यह चुनाव जीतेगा उसकी हर मोर्चे पर फतह मानी जाएगी और लंबे समय तक देश की राजनीति पर उसका और उसकी विचारधारा का वर्चस्व कायम होगा। अभी तक भाजपा की राजनीति के बरक्स दो तरह की राजनीति सफल होती रही है। एक मंडल की यानी जातियों की और दूसरी भाषायी अस्मिता की राजनीति। विपक्ष की जो पार्टी भाजपा के मुकाबले सफल रही या जिसने भाजपा को टक्कर दिया उसकी राजनीति इन दो में से किसी मुद्दे पर आधारित रही। कह सकते हैं कि कांग्रेस इन दोनों में से कोई राजनीति नहीं करती है फिर भी वह मुख्य प्रतिद्वंद्वी के तौर पर बनी हुई है। यह बात तर्क के लिए सही है लेकिन असल में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल की हैसियत मुस्लिम वोटों की वजह से बनी है। कुछ राज्यों में भाजपा विरोधी वोट के साथ मुस्लिम वोट जुड़ जाने से कांग्रेस को सीटें मिलीं या जातीय व भाषायी अस्मिता की राजनीति करने वाली पार्टियों के साथ तालमेल का फायदा उसे मिला। यह किसी पहलू से नहीं कहा जा सकता है कि कांग्रेस या दूसरी भाजपा विरोधी पार्टियों ने किसी वैकल्पिक सिद्धांत या विचार को लेकर राजनीति की। हां, भाजपा से उनके विरोध को वैचारिक विरोध कह सकते हैं लेकिन उन दलों की राजनीति किसी वैकल्पिक विचार पर आधारित नहीं रही है। यह बहुत बारीक फर्क है, जिसे समझने की जरुरत है। इस बार उसी फर्क को चुनौती मिल रही है। एक फर्क मंडल और कमंडल की राजनीति का रहा है। भाजपा ने कमंडल यानी मंदिर की राजनीति शुरू की थी। 1989 में पालमपुर प्रस्ताव से मंदिर को राजनीतिक मुद्दा बनाया गया था और दो सांसदों वाली पार्टी उसी साल के चुनाव में 81 सीट पर पहुंच गई थी। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि मंडल की राजनीति के जवाब में कमंडल की राजनीति शुरू हुई। भाजपा ने मंदिर की राजनीति पहले शुरू की थी और एक चुनाव में उसका फायदा लिया था। उसके बाद वीपी सिंह की सरकार ने 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू की थी और पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण का पंडोरा बॉक्स खोला था। उसके बाद कई बरसों तक ऐसा लगता रहा कि ये दोनों विचार एक दूसरे के विरोधी हैं। हालांकि भाजपा ने तब भी सोशल इंजीनियरिंग जारी रखी थी। उत्तर प्रदेश पहले उसकी प्रयोगशाला थी, जहां गोविंदाचार्य ने सोशल इंजीनियरिंग का प्रयोग किया और उसके बाद मध्य प्रदेश प्रयोगशाला बनी, जहां उमा भारती से शुरू करके मोहन यादव तक पिछले 21 साल में सिर्फ पिछड़ी जाति के सीएम बने हैं। बिहार मंडल राजनीति की धरती रही लेकिन नीतीश कुमार ने बहुत होशियारी से बिहार में भाजपा को सोशल इंजीनियरिंग नहीं करने दी और न पिछड़ी या अत्यंत पिछड़ी जाति का कोई नेता तैयार होने दिया।

# गणतंत्र दिवस के शुभावसर पर क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व

● एसडीएम ने झंडोतोलन कर मार्च पास्ट को दी सलामी

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) 75वां गणतंत्र दिवस अनुमंडल भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अनुमंडल मुख्यालय सहित गांव, कस्बों व ढाणियों में आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया। अनुमंडल का मुख्य समारोह स्थानीय शहर के इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय स्टेडियम में हुआ। यहां आयोजित मुख्य समारोह में बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक एवं एसडीपीओ कुमार संजय ने संयुक्त रूप से मार्च पास्ट की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उसके उपरांत एसडीएम श्री बसाक ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस दौरान उन्होंने अनुमंडल सहित प्रदेशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी का पर्व हम सभी भारतीयों के लिए विशेष महत्व रखता है। आजादी की लड़ाई में शहादत देने, यातनाएं सहने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। जहां एसडीएम ने वर्तमान पीढ़ी से देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखने का आह्वान किया। मौके पर स्थानीय पुलिस बल, एनसीसी के जवान सहित स्कूली छात्र- छात्राओं आदि ने मार्च पास्ट किया। उसके उपरांत अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम अनिल बसाक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एसडीपीओ कुमार संजय, इंस्पेक्टर कार्यालय में इंस्पेक्टर देवराज राय, थानाध्यक्ष मनोज कुमार, नगर परिषद में सभापति मनोरंजन सिंह, इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में सचिव डॉ० अजय कुमार सिंह, डॉ० नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज में प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा, डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा में प्राचार्य पीसी त्रिपाठी, डीएवी पब्लिक स्कूल तेंदुनी चौक बिक्रमगंज आरा रोड में प्राचार्या कुमारी प्रिया, एसबीडी पब्लिक स्कूल में निदेशक डॉ अरुण कुमार, संत एसएन ग्लोबल स्कूल में निदेशक प्रकाश आनंद, प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल आरा रोड में निदेशक अभिजीत आनंद, माउंट कार्मेल स्मार्ट किड्स स्कूल में निदेशक अभय सिंह, प्राथमिक विद्यालय सोनी मठिया में प्रधानाध्यापक यूसुफ अफरीदी, हिमालया किड्जी स्कूल अदमापुर सासाराम में प्राचार्या रमा राय, वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारुपुर में प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह, वीर कुंवर राज बहादुर सिंह महाविद्यालय धारुपुर में प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह, डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल में निदेशक चंदेश्वर भारती अजेय, सर्वोदय ज्ञान निकेतन रेड़िया नटवार बिक्रमगंज में निदेशक संग्राम कांत, विश्वम्भर मध्य विद्यालय धारुपुर में प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश, साई बीएड कॉलेज शिवपुर बिक्रमगंज में निदेशक धनंजय सिंह, आयांश इंटरनेशनल स्कूल मठिया बिक्रमगंज में निदेशक आशुतोष रंजन की देखरेख में मुख्य अतिथि जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के पद पर चयनित कुमार नचिकेता तो वहीं दूसरी ओर काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय काराकाट में प्रधानाध्यापक नागेंद्र कुमार सिंह, पीपीएस स्कूल काराकाट में प्राचार्य अखिलेश तिवारी, शिशु शिक्षा मंदिर काराकाट में निदेशक सुरेश तिवारी, शिशु शिक्षा मंदिर सखवां में प्राचार्य अमित शेखर, एपीएस स्कूल बुढ़वल में निदेशक अविनाश कुमार सिंह, उच्च माध्यमिक विद्यालय बुढ़वल में प्राचार्य जितेंद्र पांडेय, काराकाट प्रखंड जदयू कार्यालय पर अध्यक्ष आशुतोष सिंह, गोड़ारी मंडल कार्यालय पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, काराकाट थाना परिसर में थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, आरपी सेंट्रल स्कूल अमौना में प्राचार्य उमाकांत पांडेय, कछवां थाना में थानाध्यक्ष मितेश कुमार, नासरीगंज थाना में थानाध्यक्ष अमित कुमार, राजपुर थाना में थानाध्यक्ष मोहन कुमार, संझौली थाना में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, सूर्यपुरा थाना में थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी, दिनारा थाना में थानाध्यक्ष रौशन कुमार, भानस ओपी में प्रभारी ओपीध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, नटवार थाना में थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी सहित सरकारी एवं गैरसरकारी कार्यालयों व संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। मौके पर अनुमंडल के सभी प्रखंडों के सरकारी व गैरसरकारी संस्थान के अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला पार्षद ने ग्लोबल इंटरनेशनल विद्यालय का किया उद्घाटन

कैमूर : प्रखंड के बेतरी में ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य विकास सिंह ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य ने बताया कि भीतरी गांव के आनंद जी के द्वारा यह विद्यालय शुभारंभ किया गया है जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर आठ तक विद्यालय चलेगा जहां बच्चों के भविष्य को देखते हुए कंप्यूटर से लेकर सारी व्यवस्था आधुनिक युग के अनुसार किया गया है। उन्होंने ने यह भी कहा कि मैं विद्यालय प्रबंधन से कहना चाहूंगा कि कमजोर वर्ग के बच्चे गरीब तबके के भी बच्चे विद्यालय में नामांकन और फीस में निशुल्क व्यवस्था की जाए ताकि उनके भी बच्चे पढ़ लिखकर जीवन में अपने कामयाबी हासिल करें। विद्यालय में सभी वर्गों का ख्याल रखना अति आवश्यक है शिक्षा संबंधित संस्थान खोलने पर प्रबंधन को बहुत-बहुत धन्यवाद दिये। इस मौके पर भभुआ के प्रमुख प्रतिनिधि गुरु प्रताप सिंह, आनंद सिंह, विपिन सिंह, बृजेश कुमार, भोलू कुमार, सनी सिंह, अमित सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आरा में ट्रेन से गिरकर अज्ञात अधेड़ की मौत

आरा। दानापुर- पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिम साइड स्थित डाउन लाइन पर शुक्रवार की शाम ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत किसी चलती ट्रेन से गिरने एवं गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि खबर लेकर जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# गणतंत्र दिवस पर नोखा प्रखंड क्षेत्र में फहरा तिरंगा

प्रात : किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) 26 जनवरी 75वें गणतंत्र दिवस पर नोखा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में आन-बान शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर स्थानीय थाना में इंस्पेक्टर सुरेश कुमार दास, थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने अपने कार्यालय समक्ष पुलिस जवानों द्वारा राष्ट्रीय धवज को सलामी उपरांत राष्ट्रीय गायन के साथ झंडोतोलन किया। जबकि नोखा नगर परिषद परिसर में संयुक्त रूप से कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार व सभापति राधेश्याम सिंह, अंचल कार्यालय पर सीओ सुमन कुमार, प्रखंड कार्यालय पर बीड़ीओ अतुल कुमार गुप्ता ने आम बान शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। वही धर्मपुरा पंचायत भवन पर मुखिया मालती देवी, उर्दू मध्य विद्यालय स्कूल में प्रधानाध्यापक, हथिनी पंचायत भवन पर मुखिया दयानंद सिंह, नगर परिषद स्थित भाजपा कार्यालय पर नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल, थाना क्षेत्र स्थित गुरुकुल स्कूल में प्रधानाध्यापक मुन्ना कुमार, अपने वार्ड में वार्ड सदस्य सुनीता गुप्ता, राजेश सिंह, बिहारी प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता गांधी चौधरी, समाजिक कार्यकर्ता विजय सेठ सोनी भाजपा नगर महामंत्री विनोद कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र चंद्रवंशी, संजय यादव व सभी जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश के सम्मान में धूमधाम से फहराते हुए जश्न मनाया। इस गणतंत्र अवसर पर सभी लोगों ने देश के संबोधन में बताया कि आज हमारा भारत पूरे विश्व में शक्तिशाली स्वरूप एक नई गाथा लिखने के ओर अग्रसर हो चुका है। जो प्रधानमंत्री के नेतृव में अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि पर भगवान श्री रामलला की विश्वस्तरीय भव्य मन्दिर के निर्मम के साथ ही ऐतिहासिक कार्य पूर्ण करा सनातन धर्म को जागरूक कर दिखाया है। मौके पर स्कूली बच्चों सहित उपसभापति धनजी सिंह, शिक्षक उत्तम कुमार, तारकेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार, पवन कुमार, अनिल सिंह भाजपा नेता, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान, जिला मंत्री संध्या श्रीवास्तव, नगर महामंत्री विनोद कुमार गुप्ता मनोज तिवारी, सरोज कुमार, नेल्सन कुमार, बिहारी प्रसाद गुप्ता, एसआई रामवृक्ष कुमार, अंशु माला, अखिलेश सिंह, करहर पूर्वी जिला पार्षद, महावीर शाह सहित ने 75वें गणतंत्र दिवस लोगों को शुभकामनाएं दी।

# रोहतास डीएम व एसपी ने देश के सम्मान में तिरंगा फहराया



प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) जिला मुख्यालय रोहतास सहित अन्य सभी क्षेत्र में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं परंपरागत ढंग से मनाई गई। जिला का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित फजलगंज स्टेडियम में हुई। जहां जिलाधिकारी नवीन कुमार द्वारा झंडोत्तोलन किया गया तथा परेड की सलामी ली गई। वही डिहरी स्थित शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी कार्यालय पर डीआईजी नवीन चंद्र झा ने झंडूतोलन किया। वही परेड की सलामी ली। वही बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 2 के कमांडेंट लिपि सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया तथा परेड की सलामी ली। इस तरह जिला पुलिस मुख्यालय डिहरी स्थित पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा अपने कार्यालय तथा पुलिस लाइन में झंडोत्तोलन कर परेड की सलामी ली। वहीं डिहरी अनुमंडल कार्यालय पर अनुमंडल अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय द्वारा झंडूतोलन किया गया। वही डालमिया नगर स्थित बंद पड़े रोहतास उद्योग समूह परिसर में प्रभारी ए आर वर्मा द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। जबकि नगर परिषद में मुख्य पार्षद शशि कुमारी, प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड प्रमुख संजीव सिंह, महिला कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर दिग्विजय सिंह, जगजीवन कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर बलराम सिंह, सनबीम पब्लिक स्कूल में सचिव राजीव रंजन सिन्हा, जनता बालिका विद्यालय में विद्यालय संचालक जग नारायण पांडेय द्वारा झंडोत्तोलन किया गया तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद वारिस अली भी मौजूद थे। इसी तरह नगर परिषद बस स्टैंड स्थित पटेल स्मारक समिति में समिति के अध्यक्ष मोद नारायण सिंह, बाल वाटिका विद्यालय में प्राचार्य अनिल कुमार शर्मा, आदर्श प्रतियोगिता निकेतन स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# रक्त की समस्याओं को दूर करने के लिए जिले की युवा पीढ़ी आगे आए : उपविकास आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

आराः उप विकास आयुक्त भोजपुर की अध्यक्षता में वर्तमान समय में जिले में गंभीर आपातकालीन रक्त की मांग को लेकर भारतीय रेड क्रास सोसाइटी आरा और सदर अस्पताल के पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। इस बैठक में श्री के एन सिंह अपार मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी भोजपुर, डॉक्टर अरुण कुमार डी.एस.सदर अस्पताल, डॉ राजीव कुमार सिंह प्रभारी ब्लड बैंक सदर अस्पताल, विभा कुमारी सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी आरा डॉ बी. पी.सिंह चिकित्सा पदाधिकारी रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक आरा और अमित कुमार सिंह जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति, भोजपुर उपस्थित रहे। आज इस बैठक में मुख्य रूप से जिले में रक्त की आपातकालीन स्थिति को लेकर चर्चा की गई जिस तरह से जिले में मरीजों को रक्त की आवश्यकता बढ़ रही है उसके अनुपात में रक्तदान नहीं होने के कारण एक बड़ी समस्या सामने आई है। उप विकास आयुक्त भोजपुर ने कहा की इस आपातकालीन रक्त की समस्या को दूर करने के लिए अधिक से अधिक लोगो को रक्त दान करने के लिए जागरूक करना होगा इसके लिए महाविद्यालय, विश्विद्यालय में पड़ने वाले छात्र छात्राओं, सरकारी और गैर सरकारी संगठनों एवम संस्थाओं, बैक और जिले में जिला प्रशासन और पुलिस महकमे से संपर्क कर इच्छुक रक्त दान करने वाली की सूची तैयार कर रक्त दान करना होगा। उन्हें बताना होगा कि कभी कभी जीवन बचाने के लिए रक्त की जरूरत पडती है जैसे दुर्घटना, रक्तस्त्राव, प्रसवकाल और ऑपरेशन आदि शामिल है, जिनके कारण अत्यधिक खून बह सकता है और इस अवसर पर उन लोगों को खून की आवश्यकता पडती है। थेलेसिमिया, ल्यूकिमिया, हीमोफिलिया जैसे अनेंक रोगों से पीडित व्यक्तियों के शरीर को भी बार-बार रक्त की आवश्यकता रहती है अन्यथा उनका जीवन खतरे में रहता है। जिसके कारण उनको खून चढाना अनिवार्य हो जाता है। इस जीवनदायी रक्त को एकत्रित करने का एकमात्र उपाय है रक्तदान। स्वस्थ लोगों द्वारा किये गये रक्तदान का उपयोग जरूरतमंद लोगों को खून चढानें के लिये किया जाता है। अनेक कारणों से जैसे उन्नत सर्जरी के बढतें मामलों तथा फैलती जा रही जनसंख्या में बढती जा रही बीमारियों आदि से खून चढाने की जरूरत में कई गुना वृद्धि हुई है। लेकिन रक्तदाताओं की कमी वैसी ही बनी हुई है। लोगों की यह धारणा है कि रक्तदान से कमजोरी व नपूसंकता आती है, पूरी तरह बेबूनियाद है। आजकल चिकित्सा क्षेत्र में कॅम्पोनेन्ट थैरेपी विकसित हो रही है, इसके अन्तर्गत रक्त की इकाई से रक्त के विभिन्न घटकों को पृथक कर जिस रोगी को जिस रक्त की आवश्यकता है दिया जा सकता है इस प्रकार रक्त की एक इकाई कई मरीजों के उयोग में आ सकती है। इस लिए जिले वाशियो से अपील करनी होगी की एक बार रक्त दान जरूर करे।

# भोजपुर में ट्रेन से गिरकर छात्रा की मौत

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर सिकरिया हाल्ट के समीप डाउन लाइन पर शनिवार की सुबह चलती ट्रेन से गिरकर बक्सर निवासी छात्रा की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्रा बक्सर जिला के नावानगर थाना क्षेत्र के अतिमी गांव वार्ड नंबर 7 निवासी बृज मोहन सिंह के 29 वर्षीया पुत्री प्रियंका कुमारी है एवं वह बी.एड की छात्रा थी। इधर मृतका के परिजन ने बताया कि वह करीब डेढ़ वर्षो से नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रहती थी एवं बी.एड का पढ़ाई करते थी। शुक्रवार को वह अपने गांव आई थी। शनिवार की सुबह वह ट्रेन से वापस डुमरांव से आर आ रही थी। उसी बीच सिकरिया हार्ड के समीप यह घटना घट गई। इसके बाद आरा रेल पुलिस द्वारा इसकी सूचना मृतका के परिजनों को दी गई। सूचना पाकर मृतका के परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतका अपने चार बहनों में दूसरे स्थान पर थी। मृतका के परिवार में मां गीता देवी एवं तीन बहन है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका की मां गीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# भाजपा का गाँव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय में हुआ

प्रात : किरण संवाददाता




आराः भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे लोकसभा की तैयारी को लेकर गाँव चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदेमातरम के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नरेन्द्र तिवारी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष वरीष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी मे लग चुकी है। हम सभी बिहार के चालीस के चालीस जीतने के संकल्प के साथ काम कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा सक्रिय रहते है। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश द्वारा ह्यगाँव चलो अभियानह्ण की शुरूआत की गई है। यह अभियान चार फरवरी से 11 फरवरी तक चलेगा। यह अभियान जो पार्टी के कार्यकताओ द्वारा किया जाना है। इस अभियान मे पार्टी के केन्द्र, प्रदेश, जिला एवं मंडल के सभी प्रमुख कार्यकताओ को 24 घंटा के लिए गाँव मे प्रवास करेंगे। इस अभियान के लिए जिला, मंडल, स्तर पर एक संयोजक और दो सह संयोजक बनाए गए है। महानगर, नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत के प्रत्येक बुथो पर प्रवासी संयोजक बनेंगे। गाँव चलो अभियान का विशेष अभियान 9, 10, 11 फरवरी को होगा। 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का समर्पण दिवस के अवसर पर सभी कार्यकताओं को अपना समय समर्पण करना है। इसके अलावा प्रत्येक प्रवासी को इस अभियान के समाप्ति के बाद भी लोकसभा चुनाव तक प्रत्येक 15 दिन में एक या दो बार प्रवास पर जाना है।। वही कार्यशाला मे बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है और एक अनुशासित पार्टी है। भाजपा मे कार्यकताओ के लिए काम करने के लिए बहुत काम होता है। ह्यगाँव चलो अभियान के तहत। आरा लोकसभा के सभी गाँवो मे कार्यकताओ का प्रवास होगा। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि गाँव चलो अभियान कार्यक्रम के लिए जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष वंदना राजवंशी और सह संयोजक जिला मंत्री राजकुमार कुशवाहा एवं मधु मिश्रा को बनाया गया है। इनके नेतृत्व मे यह अभियान जिले भर मे सफलतापूर्वक चलेगा। प्रत्येक मंडल मे संयोजक और सह संयोजक बना दिया गया है। सभी कार्यकर्ता अपने नजदीक के बुथ और गाँवो मे 24 घंटे के लिए प्रवास करेंगे। वहीं जिला प्रभारी संजय कुशवाहा ने कहा कि गाँव चलो अभियान के लिए 22 से अधिक करणीय कार्य है, जिसे बुथ स्तर से केन्द्रीय स्तर तक के कार्यकताओ को प्रवास के दौरान करना है। शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कन्हैया सिंह ने सभी कार्यकताओं को इस अभियान से जुड़कर प्रवास करने की बात कही। अभियान के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष वंदना राजवंशी ने विश्वास दिलाते हुए कही कि यह अभियान भोजपुर जिला मे सफलतम होगा। सभी प्रवासियों की सूची तैयार की जा रही है और मंडलो मे इसके लिए कार्यशाला किया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष सह दक्षिण बिहार प्रांतीय सह संयोजक मिथिलेश कुशवाहा ने कार्यकताओं मे जोश भरते हुए कहा कि यह अभियान लोकसभा की जीत सुनिश्चित करेगा और हम प्रत्येक बुथ पर मजबूती प्रदान करेंगे। कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, सतीश भट्ट, मीरा यादव, महामंत्री पुनम कुशवाहा, मुखिया सुषुमलता, रामदिनेश यादव, अरविन्द पांडेय, संजय कुमार सिंह, संतोष चंद्रवंशी, विनय बेलाऊर, रमेश कुमार कर्ण, धीरज सिंह, संतोष सिंह, निशांत सिंह सेंगर, राहुल सिंह, हरेन्द्र पांडेय, सूर्यभान सिंह, ममता सिंह, विद्यासागर पांडेय, विभु जैन, संध्या सिंह, आशीष कुमार, संजय सिंह, अजय सिंह, जीतु चौरसिया, अशोक सिंह, विरेन्द्र कुमार, रामानुज सिंह, ठाकुर दयाल राम, धनंजय तिवारी, विकास सिंह, आदित्य कुमार, करोड़पति सिंह, राकेश कुमार, कुंदन कुमार सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी शामिल थे।

# एसडीएम ने असहाय गरीबों के बीच किया कंबल वितरण



प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) समाज में असहाय जरूरत मंद की सच्ची सेवा ही असली मानवता है। प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को अपने से कमजोर तथा जरूरत मंद लोगों की सेवा करनी चाहिए ये उक्त बातें अनुमंडलाधिकारी कुमार पंकज ने कोपवा गांव स्थित काली मंदिर परिसर में कंबल वितरण और वस्त्र वितरण के दौरान अपने संबोधन में कही। स्व रामदरश सिंह पहलवान की स्मृति में पुत्र एसआई अरुण सिंह पहलवान व शिक्षिका सीमा सिंह के सौजन्य से 140 गरीब असहायों, विधवाओं के बीच कंबल व वस्त्र का वितरण किया गया। इससे पहले श्री सिंह द्वारा कार्यक्रम में वितरण करने पहुंचे एसडीओ कुमार पंकज, पूर्व मुखिया लल्लू सिंह, रामेश्वर सिंह, जगनारायण सिंह, संतोष उपाध्याय, सहित अन्य को माता का चुनरी का पगड़ी बांध शॉल से सम्मानित किया गया। जहां कार्यक्रम में ब्रिलियंट स्कूल के बच्चों, जिन्होंने राम प्राण प्रतिष्ठा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी। उन्हें भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। जहां इस कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर सुशीला देवी, बुधिया कुंवर, आशा देवी के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर काली मंदिर प्रबंध कारिणी से जुड़े समस्त सदस्यों एवं प्रबुधजनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामेश्वर सिंह, अखिलेश सिंह, भुअर पासवान, पप्पू सिंह, जगनरायण सिंह, करिया सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भोजपुर में आग तापने के दौरान झुलसी महिला

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव में शनिवार के दोपहर बोरसी आग तापने के दौरान एक महिला बुरी तरह झुलस गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार झुलसी महिला तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी बंटी कुमार की 25 वर्षीया पत्नी मीना देवी है। इधर झुलसी महिला के परिजन ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपने कमरे में बोरसी पर आग ताप रही थी। उसी दौरान उसका कपड़ा आग की चपेट में आ गया और वह बुरी तरह झुलस गई। जिसके बाद उसने चीखना-चिल्लाना शुरू किया। उसके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर जब परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह आग से झुलस रही है। जिसके बाद परिजन द्वारा फौरन आग को बुझाया गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

# राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस वीर कुंवर सिंह कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिस राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि डॉ० मनीष रंजन ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रीय गान के साथ ध्वजारोहण किया। अवसर पर प्राचार्य ने सभा को संबोधन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर 75वां गणतंत्र दिवस पूरा देश मानते हुए वीर जवानों के बलिदान को याद कर रहा है। जहां शहीदों का जीवन संघर्ष हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। जिस गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान लागू हुआ था। दूसरी तरफ डॉ० मनीष रंजन ने बताया कि हम भारतीय को गर्व करना चाहिए कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। गणतंत्र का अर्थ है। जो देश में रहने वाले लोगों की सर्वोच्च शक्ति और केवल जनता को ही देश को सही दिशा में ले जाने के लिए अपने प्रतिनिधियों को राजनीतिक नेता के रूप में चुनने का अधिकार है। हमारे महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के लिए 200 वर्षों से भी अधिक समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां किसी की गुलाम बनकर न रहे और स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का निर्वहन कर सके। दूसरी तरफ डॉ० मनीष ने उस्थित सभी दर्जनों भारत के चौथे स्तंभ पत्रकारों को डायरी कलम भेट कर उन्हें सम्मानित किया।

# सम्भावना आवसीय उच्च विद्यालय प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने ध्वजारोहन किया

प्रात : किरण संवाददाता



आराः स्थानीय शान्ति स्मृति सम्भावना आवसीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवाँ, आरा तथा शारदा स्मृति सम्भावना पब्लिक स्कूल, मौलाबाग, आरा में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के दोनों शाखाओं में प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने ध्वजारोहन किया तथा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावको को सम्बोधित करते हुए कहा की आज पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहा है। भारत के लोग विश्व के अग्रणी संस्थानों में उच्च पदों को सुशोभित कर रहे है। उन्होनें कहा कि संविधान हमें बहुत सारे अधिकार देता है तो कर्तव्यों का बोध भी कराता है। अगर हम कर्तव्य विहिन हो जाएं तो एक विकसीत राष्ट्र की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। समुह-गान-सलाम-उन शहीदों को जो खो गए.. को छात्रा अर्पिता चौधरी, मीनाक्षी पाण्डेय, ऋतिका सिंह, सुप्रिया कुमारी, श्रद्धा सोम्या, वैष्णवी और पल्लवी ने प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही देश भक्ति समूह नृत्य को छात्रा रोशनी, शिवानी, खुशी, कृति, साक्षी, कशिश, रागिनी, अर्चना, उन्नती तथा अन्नया ने आकर्षण ढंग से प्रस्तुत कर दर्शको को भाव-विभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संगीत शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार, अमितेश रंजन, सुन्दरम नाथ मिश्रा तया नृत्य शिक्षक चिन्दु कुमार के निर्देशन में हुआ। मंच-परिकल्पना तथा साज-सज्जा विद्यालय के कला शिक्षक श्री विष्णु शंकर और संजीव सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के एन०सी०सी० कैडेटस ने आकार्षण मार्च पास्ट का भी आयोजन किया तथा तिरंगे को सलामी दी। समारोह के मुख्य अतिथि महाराजा कॉलेज आरा के पूर्व प्राचार्य डॉ० गाँधी जी राय ने अपने संबोधन में कहा कि अगर आप के अंदर सामर्थय, उर्जा, सम्भावनाएं और इच्छा शक्ति हो तो अपना मुकाम हासिल कर सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंधक निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि गणतंत्र की रक्षा संविधान में दिये गए मूल्यों और आर्दशों का पालन करके किया जा सकता है। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक अरविन्द ओझा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी श्री दीपेश कुमार, स्वाती सिंह, राजेश रमण, श्रीमती रेणु पाण्डेय, रंजीत कुमार, रेणु सिंह, तथा एन०सी०सी० के ए०एन०ओ० प्रवीण कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों की भारी संख्या में भागीदारी रही।

# आरा में संदेहास्पद स्थिति में बालक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत कायमनगर गांव में शुक्रवार की देर शाम संदेहास्पद स्थिति में एक मासूम बालक की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बालक कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत कायमनगर गांव निवासी अनूप बिंद का 5 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार है एवं वह आंगनवाड़ी में पढ़ता था। इधर मृत बालक के पिता अनूप बिंद ने बताया कि चार दिन पूर्व उसे ठंड लग गया था। जिसको लेकर चार दिनों उसकी तबीयत खराब चल रही थी। आज शाम उनकी मां उसे इलाज के लिए गांव में स्थित निजी क्लीनिक में ले गई थी। लेकिन जब हालात में कोई सुधार ना हुआ तो परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# ईवीएम से वोट करने के लिए मतदाताओं को दिया प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

संझौली (रोहतास) ईवीएम से वोट देने के लिए संझौली प्रखंड के गांव-गांव में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदाताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रखंड के उदयपुर, बसौरा सहित अन्य कई गांव में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को ईवीएम चलाकर वोट देने के लिए बताया गया। बीडीओ मोहम्मद सयैद सरफराजुद्दीन अहमद ने बताया कि प्रखंड के सभी ग्राम में मतदाताओं को ईवीएम की ट्रेनिंग दी गई। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार इवीएम डेमोंसट्रेशन वैन के द्वारा गांव गांव घूम कर लोगों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से किस प्रकार वोटिंग की जाती है और बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपीएटी को किस प्रकार जोड़ा जाता है और जोड़ करके वोटिंग की प्रक्रिया और दिए गए वोट की पर्ची निकले की प्रक्रिया को समझाया गया। इस कार्य हेतु मास्टर ट्रेनर अभिषेक कुमार एटीएम सहित सभी पंचायत सचिव को लगाया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑफिसर सहायकों एवं कार्यालय परिचारियों की ट्रेनिंग आयोजित

औरंगाबाद। अपर समाहर्ता, औरंगाबाद की अध्यक्षता में इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 कि व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं के बारकोडिंग हेतु डिप्टी मुख्य सेक्रेसी ऑफिसर, सेक्रेसी ऑफिसर सहायकों एवं कार्यालय परिचारियों की ट्रेनिंग आयोजित की गई। इस वर्ष इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2024 आगामी दिनांक 1-2-2024 से 12-2-2024 तक तथा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 दिनांक 15-2-2024 से 23-2-2024 तक आयोजित की जाएगी। इस संदर्भ में उत्तर पुस्तिकाओं की बारकोडिंग किया जाना है ताकि परीक्षार्थियों की पहचान उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के समय गोपनीय रहे। बारकोडिंग का कार्य मुख्य सिक्रेसी ऑफिसर सह अपर समाहर्ता, औरंगाबाद, डिप्टी मुख्य सिक्रेसी ऑफिसर के पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में कराया जाएगा।

### ज़िला परिषद की साधारण बैठक सम्पन्न

औरंगाबाद। जिला परिषद के सभा कक्ष में माननीय अध्यक्षा श्रीमती प्रमिला देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद, औरंगाबाद की साधारण बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक का संचालन उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, श्री अभ्येन्द्र मोहन सिंह के द्वारा किया गया। माननीय सदस्य श्री शंकर यादव द्वारा जिला परिषद, अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला देवी को विश्वास मत हासिल कर पार्षों के विश्वास जितने के लिए बधाई एंव शुभकामना संदेश दिया गया। बैठक में पिछले दो वर्षों में 15वें वित अयोग एंव षष्ठम राज्य वित आयोग की राशि से सहारनीय कार्य कराने पर माननीय सदस्यों के द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गयी। आज की बैठक में वितीय वर्ष 2024-25 में 15वें एवं षष्ठम राज्य वित्‌आयोग से प्राप्त होनेवाली राशि से जिले में विकास की गति प्रदान करने का निर्णय लिया गया हैं। बैठक में जिला परिषद की भूखण्डों / मार्केट को निविदा द्वारा व्यक्ति / संस्था को आंवटित कर राजस्व वृद्धि का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई करने का निर्णय बैठक में लिया गया। साथ ही जल्द से जल्द दानी बिगहा बस स्टैण्ड एवं डी०पी०आर०सी० भवन का उद्घाटन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एंव बिजली विभाग पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में माननीय उपाध्यक्ष श्री रामेश्वर बैठा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य अमरेंद्र कुमार सहित सभी प्रखंड प्रमुख, चन्दा परवीन, पुष्पलता देवी, विन्दा देवी, शोभा कुमारी, रेखा सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार, विकास कुमार, शंकर यादव, नासरीन निशा, आसिफ शाह, सुधा देवी, रूपांजली कुमारी, राधेश्याम सिंह, विजन्ती कुमारी, अनिल कुमार, सुनिता देवी, रेनु कुमारी गुप्ता, दूधेश्वर पासवान, हरि राम, किरण सिंह, सुरेन्द्र यादव, पूनम देवी, कंचन देवी, गायत्री देवी ने भी भाग लिया।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। भारत माता पूजन के द्वारा। भारत माता पूजन के द्वारा कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। भारत माता पूजन विद्यालय प्रबंधकरिणी समिति के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह मुख्य अतिथि एवम विद्यालय के सचिव बजरंगी प्रसाद, रोहतास विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार, विद्यालय के कोषाध्यक्ष डॉक्टर संजीव रंजन जी एवम विद्यालय उच्चतर खंड के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार, प्राथमिक खंड के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार, उपाध्यक्ष डॉक्टर शोभा रानी, डॉक्टर चंद्रशेखर पांडे जी एवम सुरेश प्रसाद उपस्थित थे। ध्वजारोहण विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमंत कुमार जी के द्वारा किया गया तथा राष्ट्र गान झंडे को सलामी विधिपूर्वक किया गया। प्रधानाचार्य के द्वारा अतिथि परिचय कराया गया, स्वागत गीत भइया बहनों द्वारा गाया गया, हिन्दी भाषण बहन आस्था कुमारी बहन खंड स्वयम सिद्धा पराशर उच्चतर खंड द्वारा दिया गया। अंग्रेजी भाषण भैया आकाश कुमार संस्कृत भाषण दीपिका बहन विद्या मंदिर के द्वारा किया गया वीरांगना लक्ष्मी बाई के ऊपर रोमांचक झांकी अदिति कुमारी के द्वारा प्रस्तुत की गई। मंच संचालन राकेश पांडे तथा सहयोग जितेन्द्र कुमार जी विश्वजीत कुमार जी श्रीमति अनुपम जी कर रहि थीं। एंकरिंग का कार्य दीपाली मिश्रा शांभवी मिश्रा कर रही थी। कार्यक्रम प्रमुख मदनजीत सिन्हा एवम सह प्रमुख मानवेंद्र जी समस्त कार्यकम को सफल बनाने में लगे थे।

अध्यक्षीय आशीर्वचन देते हुए डॉक्टर शिवपूजन सिंह जी ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए नागरिकों को संविधान के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधकरिणी समिति के सचिव श्रीमान बजरंगी प्रसाद जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 75वे गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय एकता एवम आजादी को अक्षुण्ण बनाने पर बल दिया भीमराव अंबेडकर जी के आदर्शो पर चलने की प्रेरणा दी। देश के प्रति जिम्मेदार से कार्य करने पर बल दिया और श्रोताओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक श्रीमान शिवनंदन जी की गरिमामय उपस्थिति थी। समस्त कार्यकम शांति एवम विधिपूर्वक माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाषण गीत, स्वागत गीत, झांकी सभी में सजीवता देखी गई पूरे भक्तिमय एवम राष्ट्रीयता की पराकाष्ठा में कार्यक्रमा किया गया। सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा जैसे गीत सुनकर दर्शक झूम उठे। आभार ज्ञापन किशोर भारती के सचिव एवम कन्या भारती के सचिव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैकनो अभिभावक अतिथि आचार्य जी दीदी जी भैया बहन उपस्थित थे वंदे मातरम् गाने के बाद कार्यक्रम विधि पूर्वक संपन्न हो गया।

# सीनियर सिटीजन एसोसिएशन सदस्या को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

कोचस। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की वरिष्ठ सदस्या व करहगर विधायक संतोष कुमार मिश्रा की माता स्व. कुशुम देवी को उनके श्राद्धकर्म श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुवार को उनके पैतृक ग्राम सोहसा में समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों की हुजूम उमड़ पड़ा। देर रात तक श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। मौके पर संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन, उपाध्यक्ष सत्यनारायण स्वामी, जिला पैटर्न इन चीफ डॉ. दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष सुग्रीव प्रसाद सिहं, सासाराम संसद छेदी पासवान, दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल, मोहनिया विधायक संगीता कुमारी, एमएलसी अशोक पांडेय एवं संतोष सिहं, बक्सर विधायक मुन्ना तिवारी, राजेश्वर राज, विवेक पांडेय, डॉ. मधु उपाध्याय, अली हुसैन इन्द्रसि, ई. रामजी दुबे, श्रीभगवान सिहं, श्रीराम तिवारी, हरिशंकर तिवारी, काशीनाथ पांडेय, ई. विजेंदर सिहं, गोपाल प्रसाद सिहं सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर प्रभारी मंत्री ने समाजसेवी सल्लू खान को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर गांधी मैदान में गांधी मैदान में झंडोत्तोलन के अवसर पर प्रभारी मंत्री आलोक मेहता ने पैगाम ए इंसानियत के जिलाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, वार्ड परिषद सिकंदर हयात को जिला प्रशासन के द्वारा सीमेंट्री अवार्ड के द्वारा प्रशिक्षित पत्र देखकर सम्मानित किया। इस दौरान कहा कि सल्लू खान सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वे अपने साधन से घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। विशेष सेवा के माध्यम से अपनी पहचान बनाई है। असैनिक शैल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी के अनुशंसा के आलोक में



इन्हें गुड सेमेरिटन के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी स्वप्ना जी मेश्राम, डीटीओ शैलेश कुमार दास, अनुमंडल अधिकारी विजयंत कुमार सहित उपस्थित रहे।

# किशोर कैदी का कोई भी जानकारी न छुपाऐं : सचिव



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। किशोर न्याय अधिनियम पर मण्डल कारा के किषोर कैदियों के बीच जागरूकता आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार जेलो में किशोरो की पहचान करने और कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान के तहत मण्डल कारा, औरंगाबाद में किशोर न्याय अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के तहत 10 दिवसीय चलने वाले वृहत कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा मण्डल कारा, औरंगाबाद के किशोर कैदियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का पहला चरण शुरू करते हुए जागरूक किया गया। इस अवसर पर काराधीक्षक सुजीत कुमार झा उपस्थित रहें। जागरूकता कार्यक्रम में सचिव सुकुल राम ने किशोर बंदियों से कहा कि 26 जनवरी गणतत्र दिवस के अवसर पर किशोरो की पहचान करने और उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु अखिल भारतीय अभियान शुरू किया गया है इसी कड़ी में आज यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर बताया गया कि किशोरो की पहचान करने के लिए जेल भ्रमण अधिवक्ता समूह की टीम आप लोगो से जो भी जानकारी मांगती है तथा पुछती है तो आप बेहिचक समस्त जानकारियो को दें कोई भी जानकारी ऐसी नहीं मांगी जा रही है जो आपके विरूद्ध हो बल्कि समस्त जानकारियों में आपका ही हक अधिकार एवं लाभ पहुचाने के उद्देष्य से ही मांगी जा रही है ताकि डाटा तैयार कर आपसे प्राप्त जानकारियो के उपरान्त आपको किशोर के तहत प्रदत्त हक एवं अधिकार उपलब्ध कराया जा सके। अतः बेहिचक आप जानकारी उपलब्ध करायें।

प्राधिकार पुरी तरह से आपके किशोर हक के लिए कार्य कर रहा है। साथ ही आप लोगो को किसी भी तरह की विधिक सहायता की जरूरत हो तो आप टीम के सदस्य को अथवा जेल भ्रमण अधिवक्ता को बतायें हम तत्काल आप सभी को विधिक सहायता उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाते है। इस अवसर पर काराधीक्षक सुजीत कुमार झा द्वारा सचिव को बताया गया कि प्रारम्भिक तौर पर किशोरो की पहचान की गयी है और किशोरो से सम्बन्धित कुछ दस्तावेजों को इकत्र करने की कार्रवाई की जा रही है। काराधीक्षक द्वारा बताया गया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किशोरो की पहचान और इससे सम्बन्धित प्राप्त पृष्ठभूमि के आलोक में कारा स्तर से कार्रवाई करने में हर संभव सहयोग किया जायेगा।

# शेरघाटी के विभिन्न स्थानों पर किया गया झंडोत्तोलन

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर शहर में के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में किया क्या झंडा तोलन इस कार्यक्रम की शुरूआत शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी के आवास से सुरूआत की गई तदोपरांत ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल के मैदान, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, शेरघाटी थाना परिसर, नगर परिसद में अध्यक्ष गीता देवी जेल परिसर में जेल अधीक्षक आशीष रंजन जबकि व्यवहार न्यायालय में एडीजे दीपक कुमार ने झंडोतोलन किया इस मौके पर शहर के जे० पी०मेमोरियल स्कूल में



झंडोतोलन के बाद बच्चो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वही एडुकेयर पब्लिक स्कूल में झंडोतोलन किया गया, चाँपि मुखिया पप्पू पासवान, चिलिम मुखिया मुमताज अंसारी, चिताब मुखिया, चेरकी मुखिया के अलावा विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलन किया गयाएसडीओ ने बताया कि गणतंत्र राष्ट्र के हमलोग संविधान की महत्ता हमारे लिए जरूरी है बाबा साहेब द्वारा यह संविधान बनाया गया था। जो आज हमलोग पालन कर रहे है, जबकि एएसपी ने बताया कि संविधान से ही देश चलता है और संविधान को पालन करना जरूरी होता है।

# जिला परिषद प्रांगण में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने कीया ध्वजारोहण

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला परिषद के प्रांगण में 75 वा गणतंत्र दिवस मनाया गया है। जिला परिषद सदस्य गण पिकी, बबिता, और उप विकास आयुक्त उपस्थित थे।इस मौके जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी के द्वारा झंडारोहण किया गया।वही जिला परिषद अध्यक्ष नैना देवी ने कहा कि 75 वे गणतंत्र दिवस हम लोग मना रहे हैं हमारा देश बहुत ही विकास किया है लेकिन कुछ कमियां भी है गरीबी, बेरोजगारी, असमानता को दुर करना होगा।इसको समाधान लेने के लिए प्रतिज्ञा लेने की जरूरत है।वही जिला परिषद उपाध्यक्ष शीतल यादव ने कहा कि जिला परिषद सदस्य



गण सेवता, बबिता, पिकी, कुदन, कामेश्वर बाबु, गुड्डू बाबु सभी सदस्य गण मोजुद थे।15 अगस्त 1947 को हमारा देश ब्रिटिश से मुक्त हुआ था 26 जनवरी 1950 से हमारा संविधान लागु हुआ था हमारे देश का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान हैं। सभी गया जिला परिषद सदस्य और कर्मचारी और समस्त भारत की जनता और गया जिला के जनता जनार्दन को उपाध्यक्ष शीतल यादव ने बधाई दी है।

# मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है: डॉ नवनीनत निश्चल

प्रात : किरण संवाददाता

गया।अर्श सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में झंडारोहण किया गया था जिसमें चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डा नवनीत निश्चल के नेतृत्व में पूर्व शिक्षक सह समाजसेवी किशोरी सिह कश्यप द्वारा झंडातोलन किया गया था।मोके पर सुपर स्पेशियलिटी के वरिष्ठ चिकित्सक पेट और लिवर डा टी शर्मा, विशेषज्ञ हड्डी रोग डा अमित कुमार, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डा आशिष कुमार झा, जेनरल फिजिशयन डा गुंजन कुमार, डा नीरज लाल यादव, डा विकास सिह और हास्पिटल के गण्माण्य लोग उपस्थित हुएं हैं।इस मौके पर संस्थापक डा नवनीत निश्चल ने कहा मानव कि सेवा ही सबसे बढी सेवा है धर्म है, हमलोग पुरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेगे मगध के लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमारे हास्पिटल के द्वारा चलाये जारे सुविधा और हेल्थ केयर का लाभ ले अपने और अपने परिवार की सुरक्षा करे। मगध वासियों को शुभकामनाएं राष्ट्रीय अस्मिता का याद दिलाता है देश आज पाचवी स्थान पर है। हमारी अर्श सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल अच्छा काम कर रही है।सभी डा बहुत बढी टीम अच्छा काम कर रही है हमारी हास्पिटल बहुत बढा हो चुका है पुरे मगध जोन के अलावा झारखंड के जो भी जिले हैं वहा तक के पुरे जोन की सेवा का मोका कर रहे हैं।आप अपधा हेल्थ स्किनीग सुबह के टाइम में कराए एक हजार भी है आपकी अलट्राग्रोनाराफी, इकोग्रिफी, काडीयो सल्टेंट शन, और तरीके से पुरी पोरपेर वे में किया जा रहा है। कोई भी कमी नहीं हो रही है काडीयो कंसल्टेशन हो जा रहा है सभी अच्छे तरीके से, हमलोग मुख्य बीमारी है हार्ट की बीमारी है, केसर है, ब्रैन हमरेज को पहले सभल जाते हैं।

# जदयू जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष ने किया झंडारोहण

प्रात : किरण संवाददाता

गया जदयू कार्यालय नगमतिया रोड गया में जिला अध्यक्ष अभय कुशवाहा ने 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया है। कुशवाहा ने सभी जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस पर शुभकामना दिया है।इस झंडोतोलन कार्यक्रम में सांसद विजय मांझी, पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, यूवा जिलाअध्यक्ष गौरव सिन्हा, कार्यालय प्रभारी आसिफ जफर, अरुण राव, जितेंद्र दास, अजीत शर्मा, पूनम कुशवाहा, ज्योति सिंह, सोनम दास,



मितंबरा लोहड़े, राजेश शर्मा, धनंजय शर्मा, कैलास पासवान, रौशन मांझी, अरविंद प्रियदर्शी, शिवनाथ निराला, अब्दुल कादिर, मो असलम, जितेंद्र दास, शंकर चौधरी, पुष्पेंदु पुष्प, विनोद कुमार, कुमार गौरव, मधुसूदन राव, अरविंद वर्मा, वीरेंद्र शर्मा, जितेंद्र पंडित, दिवाकर कुमार, सहित सैकड़ों जदयू पदाधिकारी सम्मिलित होकर झंडे को सलामी दिए हैं।

### महाविद्यालय को अच्छे ग्रेड दिलवाने के लिए कृत संकल्प हो: प्राचार्य

गया। गया कॉलेज गया में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया है इस मौके पर झंडोतोलन करते हो प्राचार्य गया कॉलेज गया प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि जिस प्रकार से एक देश संविधान से चलता है उसी प्रकार से कॉलेज भी कई प्रकार के नियम और परिनियम के आधार पर चलता है हम सब का यह कर्तव्य है कि हम सब अपने महाविद्यालय को नये ऊंचाइयों तक ले जाएं विद्यार्थियों शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मदद से हम सब महाविद्यालय को नैक से अच्छे ग्रेड दिलवाने के लिए कृत संकल्प हो साथ ही साथ महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाले प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर शिवनाथ सिंह जी की स्मृति में एक व्याख्यान माला का आयोजन भी इस वर्ष से किया जा रहा है।

# एन कॉलेज में एनसीसी ग्रुप द्वारा रैंक समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में 6 बिहार बटालियन गया एन सी सी ग्रुप के 6/6 कंपनी अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के द्वारा रैंक समारोह का आयोजन किया गया है।इस समारोह का 6 बिहार बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल एम.के. शुक्ला, सूबेदार मेजर अमलेंदु मंडल, प्रभारी प्राचार्य डॉ० अनंत कुमार सिन्हा तथा कंपनी कमांडर सी०टी०ओ० डॉ० धनंजय कुमार ने उद्घाटन किया गया है। एन० एस० एस ० की छात्राओं ने मगध विश्वविद्यालय कुलगीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया है। अपने अभिभाषण में मुख्य अतिथि कर्नल एम.के. शुक्ला ने सभी कैडेट्स का उत्साह वर्धन किया तथा उन्होंने कहा कि एन०सी०सी० कैडेट्स को समाज एवं राष्ट्रहित के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। सूबेदार मेजर अमलेंदु मंडल ने भी सभी केडेट्स को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इस कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रभारी प्राचार्य एवं सी०टी०ओ० के साथ कैडेट दीपक कुमार को सीनियर अंडर ऑफिसर गोल्डन एवं श्रवण कुमार को अंडर ऑफिसर गोल्डन के रैंक से सम्मानित किया गया है।इसके साथ ही कैडेट अंकित ओराओ को यू०ओ०, अभिषेक कुमार को एस० जी० टी० गोल्डन, हर्ष कुमार, शुभम कुमार और विकास कुमार को एस०जी०टी० एवं सोनू कुमार, इंद्रजीत कुमार और ऋषि कुमार को कॉरपोरल का रैंक मिला है। इसी के साथ कैडेट रवि कुमार, सुद्दू कुमार, मनु कुमार, कृष कुमार तथा आयुष कुमार को लैंस कॉरपोरल का रैंक दिया गया है। इस कार्यक्रम में डॉ० सुनील, जे०जे०कॉलेज, डॉ० पार्थ सारथी, सह प्राध्यापक, इतिहास विभाग, ए०एम० कॉलेज, डॉ० किशोर कुमार पासवान, विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग, डॉ० अमृतेंदु घोषाल, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, डॉ० राजेश रंजन पांडेय, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग, डॉ० पूनम कुमारी, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग के साथ महाविद्यालय के एन०सी०सी० कैडेट्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। डॉ० निधि त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र विभाग ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से हुई।

# गणतंत्र दिवस पर श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में किया गया ध्वजारोहण

प्रात : किरण संवाददाता

गया। 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर शहर के खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पूनम सिन्हा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी है। ध्वजारोहण के मौके पर सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं उपस्थित बच्चों में राष्ट्र गान गा कर तिरंगे को सलामी दी है। इस मौके पर इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा अनेक तरह के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है। विद्यालय के बच्चों के द्वारा आयोजित संस्कृति कार्यक्रम में सभी का मन मोह लिया गया है। सुनो गौर से दुनिया वालों... गाने पर अभिषेक, सुमंत एवं नीलेश ने डांस प्रस्तुत किया वहीं संदेसे आते हैं.. गाने पर सीता, रिशु और मनीषा की प्रस्तुति ने सब का मन मोह लिया है। फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी... गाने पर अनामिका, चांदनी एवं निधी डांस प्रस्तुत किया वहीं नंदिनी कुमारी ने देश रंगीला.. गाने पर सबो को झूमने पर मजबूर कर दिया है। आई लव मय इंडिया... गाने पर निशु एवं चित्रा वहीं निहारिका व निशा ने जलवा जलवा.. गाने



पर डांस प्रस्तुत किया। प्रिया, तन्नू एवं निशु ने वो देश मेरे.. गाने पर अपनी प्रस्तुति दी। फैंसी ड्रेस में बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई, भारत माता, भगत सिंह, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस एवं देश के वीर जवानों के रूप में देश की महान गाथा का दिखलाया है।

इस मौके पर अपने सम्बोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य पूनम सिन्हा ने कहा कि आज हमारे लिये बहुत ही गौरव का दिन है। आज हम आजाद भारत देश मे अपना 75वां गणतंत्र दिवस मना रहें हैं। आज के दिन ही हमे अपना संबिधान मिला जिसके तहत हमे कई अधिकार मिले हैं। इन अधिकारों के साथ हमे कुछ कर्तव्यों का भी निर्वहन करना है। हमारे संबिधान में बतलाया गया है कि हमे अनुशासन में रहना है। अनुशासन ही देश को महान बनाता है। आज के दिन हमे अपने उन स्वतन्त्रता सेनानियों को भी याद करना चाहिए जिनके कारण आज हम स्वाधीन भारत मे सांस ले रहें हैं। हमे हर हाल में अपनी स्वाधीनता को बचाये रखना है। इस मौके पर पूरे विद्यालय परिसर के तिरंगे बैलून व तिरंगे कलर से सजाया गया है।

### वीर स्वतंत्रता सेनानियों को हम नमन करते हैं: डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

गया । 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा अपने कार्यालय में झंडा तोलन किया गया है।इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज ने अपने सन्देश में कहा की आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले एवं यातना सहने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को आज हम नमन करते हैं। आजादी के 75 वें वर्ष में जो देश का प्रमुख समस्या थी उस समस्या का समाधान देश प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में किया गया है।देश आज प्रगति और समृद्धि की ओर जा रहा है। 526 वर्षो से अयोध्या में भगवान रामलला के जन्मभूमि के लिए प्रत्येक हिन्दू सनातन धर्म के लोगों ने संघर्ष एवं बलिदान दिया है। आज देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा पहल पर अयोध्या का विवाद खत्म हुआ और फल स्वरुप आज रामलला अयोध्या में विरजमान हैं। आज इस अवसर पर सम्पूर्ण गया वासियों को धन्यवाद एवं बधाई दी है।

# स्लम एरिया बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस के महत्व पर एक बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

गया।, 75वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना गया कॉलेज, गया के द्वारा गोंद लिए गए स्लम एरिया में गणतंत्र दिवस के महत्व को बतलाने के लिए एक अभियान चलाया गया है। गया कॉलेज ,गया के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ .सतीश चंद्र ने स्वयंसेवकों को स्लम एरिया में जाकर वहां के युवाओं एवं बच्चों को गणतंत्र दिवस के महत्व को बतलाने के लिए निर्देशित किया है।इस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र एवं डॉ रवि कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने गया कॉलेज से पैदल मार्च करते हुए पुलिस लाइन स्थित स्लम एरिया में जाकर बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस के महत्व पर एक बैठक आयोजित की और अपने संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों



के बारे में बतलाया है। इसके बाद स्वयंसेवक नए एवं पुराने वस्त्रों को स्लम एरिया के बच्चों एवं महिलाओं के बीच वितरित किया गया है। बच्चों के बीच मिठाइयां बांटी गई और तिरंगे के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम का स्लोगन लगाया गया। बच्चों ने एक स्वर में नारे लगाते हुए गणतंत्र दिवस को मनाया है। उसके बाद स्वयंसेवकों ने मार्च करते हुए गया कॉलेज गया पहुंचकर अभियान को समाप्त किया गया है। इस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि लोगों को गणतंत्र के बारे में जागरूक करना और संविधान में बताई गई बातों को लोगों तक पहुंचाना राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख लक्ष्य है इसलिए यह अभियान चलाया गया ताकि सारे लोग संविधान के महत्व को जान सके।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस

नवगछिया (भागलपुर)। अर्जुन कॉलेज के प्रांगण में आजादी का 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय की अध्यक्ष नीलम देवी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर विधिवत रूप से राष्ट्रीय गान के साथ झंडे को सलामी दी। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि देश एवं राज्य का भविष्य युवा पीढ़ियों के हाथ में एक विकास की राह में चल पड़ी है। वही उन्होंने बताया कि अर्जुन कॉलेज में करिकुलम की पढ़ाई के अलावा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस मौके पर विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्षा नीलम देवी, प्राचार्य एवं प्राध्यापको ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान उपस्थित विद्यालय की छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम एवं नाट्य मंचन में अंकित, साक्षी, प्रिया, रवि राज, निगम, सुमन, गौरव, पंकज, अनामिका, रितु, सोनम, राहुल, निकेत, विक्रांत, इंद्रजीत, पंकज आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। इस क्रम में प्रोफेसर राजेश यादव, प्रो ग्यानेश त्रिपाठी, प्रो सरिता कुमारी, प्रो. लुशिता, प्रो. विक्रम, प्रो. सृष्टि, ई. अमित शर्मा, संजय कुमार, राजीव कुमार, रौशन कुमार, शुभाशीष ठाकुर, लड्डू सिंह, अनंदत सिंह, राजीव कुमार, मुकेश कुमार, अखिलेश कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

### 75वीं गणतंत्र दिवस पर फूलों मैदान में प्रभारी मंत्री ने किया संबोधन

मुंगेर। 75 वीं गणतंत्र दिवस समारोह मुंगेर के पोलों मैदान में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने उपस्थिति जन समुदाय व प्रशासनिक पदाधिकारी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तरवाहिनी गंगा के पावन तट पर बसा मुंगेर ऐतिहासिक नगर ही नहीं, बल्कि उपजाऊ भूमि, वन, पहाड़ की श्रृंखला के साथ आध्यात्मिक साधना का सिद्धपीठ भी रहा है। ऐतिहासिक स्वरूप में कष्टहरणी घाट, सीताकुण्ड, सीताचरण, पीर नफा साहब का मजार, विश्व योग विद्यालय एवं ऋषिकुंड आज भी अपनी पौराणिक महत्व के साथ विद्यमान है। जिस दानवीर कर्ण की राजधानी, चीनी यात्री ह्वैनसांग के यात्रा वृत्तान्त, मीर कासिम ने 1762 ई0 में मुर्शिदाबाद को बदल अपनी राजधानी बनाया था। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बिहार केशरी डाक्टर श्री कृष्ण सिंह की कर्म स्थली एवं महान चित्रकार नंदलाल बोस तथा महान राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कर्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शिता तथा पारदर्शी, स्वच्छ और समेकित विकास की संकल्पना को जिले में व्यवहारिक स्तर पर उतारा गया है। जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता इसके कार्यों में परिलक्षित होती है। मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सपने को मुख्यमंत्री ने साकार करते हुए विगत वर्ष ही उसका शिलान्यास कर जिलेवासियों की चीर परिलक्षित मांग को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में सौ शैय्या के प्रिफैब्रिकेटेड वार्ड तथा 36 बेड के प्रिफैब्रिकेटेड शिशु वार्ड का उद्घाटन कर एक अलग तोहफा दिया। इसके अलावे शक्तिपीठ चंडिका स्थान के विकास कार्यों का टेंडर भी अंतिम प्रक्रिया में है, जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। सीताकुण्ड को पर्यटन की दृष्टिकोण से विकसित करने की मांग को भी माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा पूरा करने का निर्णय लिया गया है। जल्द ही इस ओर भी कार्य आरंभ किया जाएगा। हवेली खड़गपुर स्थित गर्म कुण्ड भीम बांध के आस पास के विकास के लिए भी जमीन का चयन कर कार्य प्रारंभ करने की कार्रवाई अंतिम चरण में है। लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की बात हो या गांव गांव तक शौचालय निर्माण कर मर्यादित समाज का निर्माण करना हो, जिला प्रशासन ने बेहतर प्रगति की है।

# कौशल्या मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- मेला आयोजक समिति ने किया दंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन
- दंगल प्रतियोगिता को लेकर आसपास गांव के क्षेत्र इलाके से उमड़ी दर्शकों की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। विगत दिनों अंग प्रदेश के परिक्षेत्र इलाके में प्रसिद्ध कौशल्या मेला आयोजन के दुसरे दिन आयोजक समिति के द्वारा महादंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कई जिला के राजस्तर पहलवानों ने अपने कौशल अनुभवों के साथ इस कुस्ती दंगल प्रतियोगिता में अपना कर्तव दिखाया है। इस दौरान पहलवानों ने कुश्ती के क्रम में उत्साह के साथ दाव पेंच के करतब से दर्शकों को खुब रोमांचित किया। इस दौरान मंतोष पहलवान और छोटू पहलवान के बीच रोमांचक दंगल दौर रहा था, जिसका फाइनल मुकाबला होना है। इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर के पहलवान मौजूद रहेंगें। इस अवसर पर साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव ने कहा कि भारतीय खेल में सबसे लोकप्रिय खेल कुश्ती कालांतर विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। यह खेल हमारे देश का धरोहर है, इसको संयोजन करने का एकमात्र उपाय ऐसे ही प्रतियोगिता का आयोजन कर किया जाता रहा है। मेला संरक्षक अशोक कुमार ने कहा कि कोसी क्षेत्र में दिन व दिन कुश्ती में ह्रास की स्थिति उतपन्न हो गया है, मगर इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के पहलवानों को प्रेरणा मिलती है। इससे युवा पहलवानी की ओर स्वतः आकर्षित हो जाते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि कुश्ती से लोग स्वस्थ रहते हैं। इस अवसर पर अशोक कुमार, भुदेव यादव, विकास यादव, प्रमोद यादव, विशूनदेव यादव, पिन्टु कुमार, जागेश्वर यादव, विनोद सिंह आदि सदस्य मौजूद थे।

# सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय में शान से लहराया तिरंगा

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर देशभर में सरकारी व गैरसरकारी प्रशासनिक कार्यालयों के अलावा बैंक, पोस्टल, डाक व स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल सहित तिलका मांझी विश्वविद्यालय के अलावा क्षेत्र के तमाम महाविद्यालय और स्कूलों के प्रांगण में राष्ट्रीय सलामी के बीच झंडा फहराया गया।

इस दौरान छोटे छोटे बच्चों के साथ साथ युवतियों व महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ तिरंगा झंडा फहरा कर राष्ट्रीय गान के साथ गणतंत्र दिवस का त्यौहार मनाया। वही दूसरी तरफ भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में आयुक्त संजय कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और झण्डे को सलामी दी। वही डीआईजी कार्यालय में डीआईजी विवेकानंद, जिलाधिकारी कार्यालय में डीएम सुब्रत कुमार सेन, सदर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ धनन्जय कुमार ने, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसएसपी आनन्द कुमार ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा जिले के अन्य कार्यालयों सहित अन्य गैर सरकारी कार्यालयो व



दफ्तरों में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय गान के साथ ध्वजारोहण किया गया था।

# सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। घने कोहरे एवं शीतलहर के बीच प्रखंड सहित क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम 75 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर शाहकुंड प्रखंड कार्यालय में विकास पदाधिकारी अभिनव भारती एवं अंचलाधिकारी निलेश कुमार चौरसिया प्रमुख अंजना कुमारी ने झंडारोहण कर राष्ट्रीय गान के साथ झंडे को सलामी दी। वही दूसरी तरफ जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष अनंत कुमार उर्फ टुनटुन शाह ने झंडे को विधिवत रूप से फहराने के साथ राष्ट्रीय गान के साथ सलामी दी गई थी। इस दौरान शाहकुंड व्यापार मंडल में व्यापार मंडलअध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर तिरंगे को हर्षोल्लास के साथ फहराया और विधिवत रूप से सलामी दी। इस क्रम में सीडीपीओ कार्यालय में भी सीडीपीओ कुमारी हेमा ने राष्ट्रीय तिरंगा को सलामी देते हुए उपस्थित कर्मचारियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के बीच अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के साथ शिक्षा के जोत को जलाए रखने में सार्थक प्रयास होगा। वही दूसरी तरफ अपने निर्धारित समय पर शाहकुंड थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा एवं सजौर थाना प्रांगण में सूरज सिंह ने झंडा फहराते हुए जवानों के नेतृत्व में सम्मान के साथ सलामी देते हुए क्षेत्र व समाज के बीच बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था को बनाए रखने की प्रेणा दी। वही प्रखंड के कसवां खेरही पंचायत सरकार भवन प्रांगण में मुखिया पिंकी देवी ने ध्वजारोहण कर विधिवत रूप से तिरंगे को सलामी दिया गया था। इसी क्रम में बेलथुपंचायत के पंचायत भवन प्रांगण में ग्रामीणों की मौजूदगी में मुखिया विश्वनाथ महतो ने राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दिया गया था। वही दूसरी तरफ खुलनी पंचायत में मुखिया लक्ष्मी देवी अग्रवाल ने झंडे को सलामी दिया तो वही मकंदपुर पंचायत भवन में ग्रामीणों व समर्थों के साथ मिलकर स्थानीय मुखिया पिंटू दास ने झंडे को सलामी देते हुए अपने संबोधन में ग्रामीणों की समस्या को दूर करने की बात कही साथ ही उपस्थित ग्रामीणों व बच्चों के बीच मिठाई बांटकर अपनी एकता अखंडता बनाए रखने के साथ अपनी खुशी जाहिर की।

### 28 जनवरी को महाविष्णु यज्ञ को लेकर होगी महाबैठक

बिहपुर प्रखंड के सोनवर्षा बिहपुर दक्षिण पंचायत गांव इलाके में महाविष्णु यज्ञ के आयोजिन को लेकर एक महाबैठक का होगा आयोजन उक्त आशय की जानकारी देते हुए बिहार के मशहूर भजन गायक रविशंकर चौधरी ने बताया कि आगामी 28 जनवरी को कन्या उच्च विद्यालय सोनवर्षा के प्रांगण में महाबैठक आहूत होगी। बैठक में सोनवर्षा पंचायत के सभी बुद्धिजीवी एवं युवाओ की उपस्थिति होगी उक्त बैठक में यज्ञ की भव्यता, योजना, प्रारूप, खर्च आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी।

# गणतंत्र दिवस पर जिले भर में दिखा उत्साह का माहौल

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। पूरे देश भर में गणतंत्र दिवस को लेकर कई तरह के कार्यक्रम के साथ अपने निश्चित समय पर झंडा फहराने के साथ धूमधाम से त्यौहार मनाया गया है, इसी कड़ी में स्थानीय सैंडिस कम्पाउंड के मैदान प्रांगण में झंडा रोहण कर राष्ट्रीय सलामी के बीच गणतंत्र दिवस त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया है। वही कार्यक्रम के पूर्व अपने निर्धारित समय पर शहर के ऐतिहासिक सैंडिस कंपाउंड मैदान प्रांगण में प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह, डीआईजी विवेकानंद, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन सहित तमाम वरीय पधिकारियों ने झंडे को सलामी दी। इस दौरान बिहार सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं से संबंधित कई तरह की झांकी निकाली गई।7 परेड में बिहार बटालियन के 14 प्लाटून के महिला और पुरुष जवान ने हिस्सा लिया। इस दौरान मंचासीन अतिथियों ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं विकासशील योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, इसी क्रम में कई शिक्षकों को बेहतर कार्य प्रोत्साहित करने को लेकर सम्मान पुरुस्कार से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया है। गणतंत्र दिवस पर बच्चों बीच दिखा उत्साह, कपकपाती कड़ाके की ठंड व शीतलहर के बीच पूरे देश में गणतंत्र दिवस को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ था। वही दूसरी तरफ मैदान प्रांगण में घने कोहरे व कपकपाती ठंड भरी हवा के बीच छोटे छोटे बच्चे अपने-अपने गालों पर राष्ट्रीय झंडा को उकेरते दिखाई पड़ रहे थे। इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाएं भी अपने परिवार व बच्चों के साथ मैदान में गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड मेला में शामिल होने पहुंचे दिखाई दिये, तो वही त्यौहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह का माहौल दिखई दे रहा था।

### सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में झंडा तोलन

कैमूरः भभुआ- सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय के परिसर में गणतंत्र दिवस के 75वां वर्षगांठ पर झंडे को सलामी दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर शंकर प्रसाद शर्मा एनसीसी ग्राउंड कैंपस में परेड का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम 1957 में स्थापित महाविद्यालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर शंकर प्रसाद शर्मा ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट पर कहा कि सभी कर्मी के सहयोग से विद्यालय का नियमित संचालन एवं योगदान सराहनीय रहा है।

# तारापुर अनुमंडल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस

- बेहतर काम करने वाले कई सरकारी कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र
- शहीद स्मारक पर विधायक एवं मुख्य समारोह स्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया झंडोत्तोलन

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। 75 वां गणतंत्र दिवस अनुमंडल तारापुर क्षेत्र के सभी सरकारी



एवं गैर सरकारी संस्थानों पर भीषण शीत लहर के बीच निर्धारित समयानुसार समारोहपूर्वक लोगों द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर जदयू विधायक राजीव कुमार सिंह द्वारा पुष्पांजलि कर झंडोत्तोलन किया गया। वहीं मुख्य समारोह स्थल आर एस कॉलेज खेल मैदान पर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार द्वारा झंडा फहराया गया। इसके पूर्व खेल मैदान में परेड का निरीक्षण खुली जीप से एसडीओ एवं डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने किया। 26 जनवरी के मौके पर सरकारी कर्मियों को बेहतर काम करने को लेकर विधायक एसडीओ डीएसपी डीसीएलआर इत्यादि अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य समारोह स्थल पर कार्यक्रम का संचालन पारामाउंट के वेदानंद झा ने किया। गौरतलब है कि इसके पूर्व अनुमंडल कार्यालय पर एसडीओ प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख अश्वनी राज नगर पंचायत में कार्यपालक पदाधिकारी कुंदन कुमार थाना में थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन व्यापार मंडल अध्यक्ष बिहारी लाल कुशवाहा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह के साथ-साथ अधिवक्ता संघ कार्यालय महाविद्यालय एवं सभी तरह के स्कूलों पर संस्थान के प्रधान द्वारा झंडा फहराया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी मिथिलेश कुमार सिंह कुमार प्रणय मंटू यादव इंजीनियर धर्मवीर डीसीएलआर दिलीप कुमार बीडीओ संजय कुमार भोला दास चंद्रर सिंह राकेश सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भारत रत्न दिये जाने को ले रालोजपा के कार्यकर्ताओं ने निकाला आभार मार्च

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। केंद्र सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न दिया, उन्होंने दो बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था, और पिछड़े वर्गों के हितों की वकालत करने के लिए वह जाने जाते थे। मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल विभिन्न गरीब समर्थक पहलुओं द्वारा चिन्हित किया गया था। जिसमें भूमि सुधार और वंचित को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नीतियों का कार्यान्वयन शामिल था। जिसको लेकर उन्हें भारत रत्न के सम्मान से पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया है। इस महत्वपूर्ण योगदान को लेकर राष्ट्रीय लोक जनता दल भागलपुर इकाई द्वारा आभार मार्च निकाला गया। इस दौरान कार्यकताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया




है। इस आभार मार्च यात्रा में राष्ट्रीय लोक जनता दल भागलपुर इकाई के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे उन्होंने यह आभार मार्च घंटाघर चौक मख्य मार्ग होते हुए स्टेशन चौक पहुंच कर सभा के साथ समाप्त की गई।

### मूलभूत सुविधा नहीं हुई दुरुस्त तो दे दूंगा यहीं पर जानः धरनार्थी

भागलपुर। भागलपुर रेलवे स्टेशन पर एक अजीबो गरीब घटना सामने देखने को मिल रही हैं, जहाँ एक व्यक्ति आमरण अनशन पर बैठ सरकार के विरुद्ध आंदोलन शुरू कर दिया हैं, इस दौरान उन्होंने साफ तौर पर कह दिया कि अगर भागलपुर व जमालपुर रेल में मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त नहीं हुई तो मैं यहीं पर जान दे दूंगा, मिली जानकारी के मुताबिक मामला मालदा डिवीजन के भागलपुर और जमालपुर रेलवे स्टेशन को लेकर मूलभूत सुविधाओं का जुड़ा हुआ बताया जा है, जहां इस शख्स ने साफ तौर पर कहा है कि वाणिज्य विभाग, इंजीनियरिंग विभाग और ऑपरेटिंग विभाग तीनों मिलकर एक साथ जनता का शोषण करती रही है। वही उन्होंने यह भी कहा कि स्टेशनों पर शौचालय में रेलवे विभाग द्वारा निशुल्क शौचालय जाने की बात कही जाती रही है, लेकिन यहां महिलाओं से 10 प्रत्येक यात्रियों से बसूल संबंधित ठेकेदार द्वारा की जाती हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बच्चों के बीच स्वेटर टोपी वितरित कर मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुंगेर ब्रजेश कुमार ने बच्चों के बीच स्वेटर और टोपी (स्कूल यूनिफॉर्म) का वितरण किया। उन्होंने कहा कि निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा 06 से 14 वर्ष आयु के सभी बच्चों का संवैधानिक और मूल अधिकार है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह पाए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि सभी बच्चों को उचित शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिल सके। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुंगेर मुक्तेश मनोहर ने कहा कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार स्लम एरिया के वैसे बच्चे जो गरीबी के कारण शिक्षा पाने से वाचित हैं उनका चयन कर नजदीकी विद्यालयों में नामांकन कराया जाना है और उनके पठन पाठन की देखरेख समय समय पर किया जाना है। इसी के आलोक में जिले के स्लम एरिया




से चयनित निर्धन और शिक्षा से वंचित बच्चों का नामांकन नजदीकी विद्यालयों में कराया गया है। समय समय पर उक्त बच्चों के पठन पाठन की देखरेख की जाती है। इसी क्रम में अत्यधिक ठंड और आवश्यकता को देखते हुए उन्हें को स्वेटर टोपी (स्कूल यूनिफॉर्म) प्रदान करने का निर्णय किया गया और सभी न्यायिक पदाधिकरी गण के सहयोग से जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा बच्चों के बीच स्वेटर टोपी का वितरण किया गया। बच्चों को नियमित विद्यालय जाने के लिए प्रोत्साहित और जागरूक किया गया।

# क्रिकेट मैच में प्रशासन ने पत्रकार एकादश को हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर 27 जनवरी)। 75 वां गणतंत्र दिवस के मौके पर आर एस कॉलेज तारापुर मैदान में प्रशासन एवं पत्रकार अधिवक्ता जनप्रतिनिधि एकादश के बीच आयोजन कर्ता गीता आईटीआई के निदेशक जितेंद्र कुशवाहा एवं जिला परिषद सदस्य पिंकी कुमारी द्वारा 12 ओवर का क्रिकेट फ्रेंडशिप मैच कराया गया। गौरतलब है कि क्रिकेट मैच का शुभारंभ दोनों ही टीमों के बीच आयोजन कर्ता एवं पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वही अंपायर जयशंकर सिंह उर्फ गोलू द्वारा दोनों ही टीमों के बीच टॉस कराया गया। जहां प्रशासन एकादशी के कप्तान एसडीओ राकेश रंजन कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया तो वहीं पत्रकार टीम के कप्तान पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय सिंह ने अपने सभी खिलाड़ियों के साथ क्षेत्ररक्षण में गए।

# 19वीं पुण्यतिथि पर स्व. शहेंद्र शर्मा उर्फ पहलवान को किया याद

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। नारायणपुर प्रखंड के गायत्री मंदिर पहाड़पुर के प्रांगण में स्व. शहेंद्र शर्मा पहलवान की पुण्यतिथि नागर स्व. जाती संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर नागर के अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक चौथम के सुनीता



शर्मा उपस्थित थे। वही सभा के दौरान अपने समाज में एकता सद्भाव आपसी तालमेल से एक सभ्य समाज निर्माण पर जोर देने का संकल्प लिया है। इस मौके पर नागर समुदाय के मनीष कुमार नागर, अमिताभ शर्मा, दिलीप कुमार पंडित, वेद आनंद शर्मा, श्याम कुमार, वेदानंद शर्मा, डब्लू लाल शर्मा समेत दर्जनों गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# एम्स पटना में 75 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया

- डॉ जीके पाल ने सभी संकाय, नर्सिंग स्टाफ और गैर-संकाय स्टाफ सदस्यों के साथ पिछले एक साल में हासिल किए गए उपलब्धियों की घोषणा की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह और उत्सव मनाया गया, जिसकी शुरूआत इसके कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा फहराने और संविधान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए भाषण देने से हुई। इस उत्सव में प्रोफेसर डॉ. सी.एम. सिंह, चिकित्सा



अधीक्षक, नीलोत्पल बल, उप निदेशक (प्रशासन), डॉ. संजीव कुमार, संकाय (प्रशासन) और एचओडी, सीटीवीएस और संकाय सदस्यों, नर्सिंग अधिकारियों तथा संस्थान के कर्मचारी और छात्र भी उपस्थिति थे। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. पाल ने कहा, 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देना मेरे लिए गर्व की बात है। हमने एम्स-पटना में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके अपने कर्तव्यों का पालन किया है ह्व चिकित्सा विज्ञान और स्वास्थ्य कल्याण के क्षेत्र में अनुसंधान कार्यक्रम किये है। एम्स पटना के प्रमुख के रूप में डॉ. पाल ने अपने गौरव को साझा किया और एम्स-पटना के सभी संकाय, नर्सिंग स्टाफ और गैर-संकाय स्टाफ सदस्यों के साथ पिछले एक साल में हासिल किए गए उपलब्धियों की घोषणा की। उन्होंने संस्थान के पहले दीक्षांत समारोह का उल्लेख किया, जो 19 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया गया था और इसमें भारत की राष्ट्रपति ने भाग लिया था। द्रौपदी मुर्मू। कार्यक्रम बहुत सफल रहा और इसे सभी ओर से प्रशंसा और सराहना मिली। इसमें कई संकायों, नर्सिंग और गैर-संकाय कर्मचारियों की भर्ती की गई और लगभग 256 नर्सिंग अधिकारियों को वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया। एम्स-पटना हवाई अड्डे के रेड जोन क्षेत्र में स्वास्थ्य क्षेत्र में ड्रोन सुविधा स्थापित करने वाला देश का अस्पताल है और बहुत जल्द हम राज्य के दूरदराज के इलाकों में आवश्यक दवा पहुंचाने के लिए ड्रोन सेवाओं को लागू करने जा रहे हैं। घोषणा की गई कि एम्स-पटना अब आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) या हेल्थ आईडी को जोड़ने में देश में नंबर एक है, जो भारतीय नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत भारत सरकार की एक पहल है। उनके सभी स्वास्थ्य संबंधी डेटा का केंद्रीकृत डेटाबेस, इसके लिए उन्होंने प्रोफेसर डॉ. सीएम सिंह चिकित्सा अधीक्षक और अस्पताल प्रशासन के प्रमुख डॉ. सुजीत कुमार सिन्हा और एबीडीएम की पूरी टीम को इस बड़ी सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

# 75 वां गणतंत्र दिवस प्रखंड क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास के साथ शान्ति पूर्ण माहौल में संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। देश का 75 वां गणतंत्र दिवस प्रखंड क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास के साथ शान्ति पूर्ण माहोल में सम्पन्न मनाया गया,इस दौरान सभी सरकारी,गैर सरकारी कार्यालय, पंचायत भवन, पैक्स, राजनीतिक पार्टी कार्यालयों के साथ साथ कई प्रमुख चौंक चौराहों पर तिरंगा झंडा फहराकर सलामी दी गयी. गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की शुरूआत प्रखंड सह अंचल कार्यालय से हुई जहाँ प्रखंड प्रमुख इंदू देवी द्वारा राष्ट्रीय झंडा फहराकर सम्मान सलामी दी गयी। इसके बाद बाल विकास परियोजना कार्यालय, प्रखंड शिक्षा कार्यालय ,पशु चिकित्सालय में चिकित्सा पदाधिकारी डा.संजय कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.एस एस राय, थाना परिसर में थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह , बीस सूत्री कार्यालय में जदयू प्रखंड अध्यक्ष कमल नयन सिंह, व्यापार मंडल में मनोज कुमार भगत, जिला परिषदीय बस स्टैण्ड अम्बेडकर चौक पर प्रकाश सिंह द्वारा तिरंगा फहराकर सलामी दी गयी. इसके अलावे सभी स्कूल,



कालेज,बैंक, पंचायत भवन, पैक्स आदि भवनों पर भी सम्मान के साथ तिरंगा फहराया गया. इस वर्ष प्रखंड के 8 पंचायतों में जहाँ मुखिया द्वारा झंडोतोलन किया गया वहीं नवगठित नगर पंचायत संग्रामपुर में मुख्य पार्षद नीलम देवी द्वारा झंडे को सलामी दी गयी। झंडोतोलन कार्यक्रम में पुर्व चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विजय गुप्ता,डाक्टर उपेन्द्र प्रसाद सिंह बीजेपी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार रोशन उर्फ बम बमपूर्व मुखिया प्रमोद भगत, किरण भगत, पुर्व जिला पार्षद राधे रजक,सदानंद राय,पैक्स अध्यक्ष शिव कुमार ,सरपंच सुनील दास, सचिन कुमार छोटू आदि मुख्य रूप से शामिल थे।




## संक्षिप्त समाचार

### लौट आई है फ्लिपकार्ट की क्राफ्टेड बाय भारत समर्थ सेल

**मुंबई एजेंसी।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज अपने फ्लैगशिप सेल इवेंट क्राफ्टेड बाय भारत के सातवें संस्करण का एलान किया है। भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी, 2024 को सेल आयोजित की जाएगी। यह विशेष सेल इवेंट भारत की संस्कृति एवं समृद्ध विरासत को समर्पित उत्सव है जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित ब्रांड्स के हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट की विविध रेंज प्रदर्शित की जाएगी। इस इवेंट से मिलने वाले मौके को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा हम गणतंत्र दिवस मना रहे हैं और इस अवसर पर अपने फ्लिपकार्ट समर्थ पार्टनर्स को उनके विविध उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए प्लेटफॉर्म प्रदान करने और इस सेल इवेंट के दौरान हमारे 50 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को समृद्ध भारतीय संस्कृति से जुड़ने का मौका देने की हमें खुशी है। सातवें संस्करण के साथ हम स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, हस्तशिल्पियों, स्वयं सहायता समूहों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस गणतंत्र दिवस पर श्क्राफ्टेड बाय भारतश् को गहरी सांस्कृतिक कहानियों से जुड़े अनूठे उत्पादों और विभिन्न क्षेत्रों के हाथों से बुने उत्पादों को प्रदर्शित करने के हिसाब से तैयार किया गया है, जिससे भारत की विरासत का अनुभव होगा।

### ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की

**मुंबई एजेंसी।** वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में लीड की रीसाइक्लिंग मात्रा 34,488 मेट्रिक टन, एल्यूमीनियम की 3,264 मेट्रिक टन और प्लास्टिक की 2,458 मेट्रिक टन पर पहुंच गई. ग्रेविटा इंडिया ने रीसाइकलिंग उद्योग में अपनी लीडरशिप पोजिशन लगातार बनाए रखी है और वह सर्कुलर अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण पर फोकस कदम के रूप में उभरते सुअवसरों का लाभ उठाने के लिए बेहतर स्थिति में है. मैनेजमेंट अभी स्टेकहोल्डर्स के लिए वैल्यू का निर्माण करने और विश्वसनीय एप्रोच के साथ अपनी दीर्घकालीन विकास योजना पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड के पूर्णकालिक डायरेक्टर और सीईओ श्री योगेश मल्होत्रा ने कहा, ग्रेविटा मजबूती से नए कारोबारी क्षेत्र में विविधीकरण पर फोकस करते हुए अपने महत्वाकांक्षी स्पष्ट विजन को हासिल करने की दिशा में प्रगति कर रही है ।

### बिरला कॉर्पोरेशन लि. के रायबरेली सीमेंट वर्क्स ने मनाई सिल्वर जुबली

**रायबरेली, एजेंसी।** श्री संदीप घोष, एमडी और सीईओ, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में एमपी बिरला सीमेंट की पहली ग्राइंडिंग यूनिट, रायबरेली सीमेंट वर्क्स की सीमेंट और हाउसकीपिंग मानदंडों पर दक्षता, सुरक्षा रिकॉर्ड, गुणवत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे ÷छोटी लेकिन सुंदर-स्माल बट ब्यूटीफुल÷ कहकर सराहना की है। आज आरसीडब्ल्यू के सिल्वर जुबली समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस यूनिट ने ग्राहकों के लिए सेवा स्तर में सुधार करके पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख बाजारों में कंपनी के ब्रांड्स की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने कंपनी का पहला प्रीमियम पीपीसी ब्रांड, एमपी बिरला सीमेंट अल्टीमेट भी तैयार किया, जिसे समझदार उपयोगकर्ताओं द्वारा बहुत सराहा गया।

# आकासा एयर ने इंजन खरीदने को सीएफएम इंटरनेशनल के साथ किया समझौता



**मुंबई एजेंसी।** घरेलू विमानन कंपनी अकासा एयर और इंजन विनिर्माता सीएफएम इंटरनेशनल ने शुक्रवार को एक समझौते की घोषणा की। इसके तहत अकासा एयर अपने 150 बोइंग 737 मैक्स विमानों के लिए 300 से अधिक सीएफएम लीप-1बी इंजन खरीदेगी। अकासा एयर ने एक बयान में कहा कि समझौते में अतिरिक्त इंजन और सेवा अनुबंध भी शामिल है।

हालांकि, एयरलाइन ने सौदे के आकार का खुलासा नहीं किया। आकास एयर ने 18 जनवरी को 150 बोइंग 737 मैक्स विमानों के ऑर्डर की घोषणा की थी। कंपनी ने अगस्त 2022 में अपना परिचालन शुरू किया और पहले कुल 76 लीप-1बी- इंजन युक्त 737-8 विमानों का ऑर्डर दिया था। वर्तमान में इनमें से 22 विमान सेवा में हैं।

### स्पाइसजेट की कम होंगी मुश्किलें, एयरलाइंस ने जुटाए 744 करोड़ रुपए

बजट एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने शुक्रवार (26 जनवरी) को जानकारी दी है कि वह पूंजी निवेश के पहले राउंड में 744 करोड़ रुपए जुटाने में सफल रही है। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस फंड को शेयरों के प्रेफरेंशियल अलॉटमेंट और वारंट्स के जरिए जुटाया गया है। एयरलाइंस ने जानकारी दी है कि उसके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 25 जनवरी को एक मीटिंग में कुल 54 सब्सक्राइबर्स को 5.55 करोड़ इक्विटी शेयर के अलॉटमेंट की इजाजत दी थी। लंबे वक्त से आर्थिक संकट से जूझ रही एयरलाइन स्पाइसजेट अलग-अलग तरीके से फंड जुटाने की कोशिश कर रही है। अगले राउंड का फंड कंपनी एक बार फिर वारंट और इक्विटी के जरिए इकट्ठा करने की कोशिश कर रही है। शुक्रवार को कंपनी द्वारा 744 करोड़ रुपए का फंड जुटाने के बाद स्पाइसजेट के चेयरमैन व एमडी अजय सिंह ने कहा कि हम पर विश्वास बनाए रखने के लिए हम अपने निवेशकों के शुक्रगुजार हैं। इस फंड से एयरलाइन के संचालन को और विस्तृत करने में मदद मिलेगी।

#### फंड की कमी से जूझ रही स्पाइसजेट

स्पाइसजेट लंबे वक्त से नकदी संकट से जूझ रही है और फिलहाल कंपनी का केवल एक ही फ्लीट ही ऑपरेशनल है। इसका असर एयरलाइन की उड़ानों की टाइमिंग पर दिख रहा है। स्पाइसजेट की 45 फीसदी फ्लाइट देरी से चल रही हैं। इसकी वित्तीय स्थिति की बात करें तो वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में कंपनी के घाटे में बड़ी कमी देखने को मिली है और यह 431.54 करोड़ रुपए पर आ गया है। पिछले साल समान तिमाही में कंपनी का घाटा 837.8 करोड़ रुपए था। इससे पहले कंपनी ने अप्रैल से जून की तिमाही में 197.53 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हासिल किया था।

## लाल सागर में हो रहे हमलों के कारण वैश्विक व्यापार हो रहा प्रभावित, यूएनसीटीएडी ने कही यह बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार निकाय ने गुरुवार को चेतावनी दी कि लाल सागर में हमलों, यूक्रेन में युद्ध और पनामा नहर में कम जल स्तर से वैश्विक व्यापार बाधित हो रहा है। यूएनसीटीएडी के नाम से जाने जाने वाले व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में एक व्यापार विशेषज्ञ जान हॉफमैन ने चेतावनी दी कि शिपिंग लागत पहले ही बढ़ चुकी है और ऊर्जा व खाद्य लागत प्रभावित हो रही है, जिससे मुद्रास्फीति का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, चूंकि लाल सागर में जहाजों पर यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से नवंबर में हमले शुरू हुए इसलिए शिपिंग उद्योग के प्रमुख खिलाड़ियों ने अस्थायी रूप से मिस्र के स्वेज नहर का उपयोग करना बंद कर दिया है, जो भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है।



यह एशिया व यूरोप के बीच ऊर्जा-कार्गो के हस्तांतरण के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। हॉफमैन ने कहा कि स्वेज नहर ने 2023 में वैश्विक व्यापार का 12 प्रतिशत से 15 प्रतिशत संभाला, लेकिन यूएनसीटीएडी का अनुमान है कि पिछले दो महीनों में जलमार्ग से गुजरने वाले व्यापार की मात्रा में 42 प्रतिशत की गिरावट आई है। नवंबर के बाद से, ईरान समर्थित हूती ने स्वेज नहर की ओर जाने वाले जलमार्गों के माध्यम से शिपिंग पर कम से कम 34 हमले किए हैं। हूती एक शिया विद्रोही समूह है जो 2015 से यमन की निर्वासित सरकार का समर्थन करने वाले सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ युद्ध में है और फिलिस्तीनियों का समर्थन करता है।

# सेल्सफोर्स में भी होगी 700 कर्मचारियों की छंटनी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेल्सफोर्स जो कि क्लाउड आधारित रिलेशनशिप मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर के लिए जाना जाता है अपने 700 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है, वॉल स्ट्रीट जर्नल ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। छंटनी सेल्सफोर्स के कर्मचारियों की संख्या का लगभग एक प्रतिशत है, कंपनी में लगभग 70,000 कर्मचारी हैं।

एक साल पहले भी कंपनी ने लगभग 10त्न कर्मचारियों की छंटनी की थी। उस दौरान करीब 8,000 कर्मचारियों की नौकरी चली गई थी। उस समय, निवेशकों के दबाव से खर्चों में कटौती करने का निर्णय लिया गया था। सेल्सफोर्स में छंटनी की खबर ऐसे समय में आई है जब विभिन्न टेक कंपनियों ने अपने खर्चों को घटाने के लिए कार्यबल में कमी करने का फैसला किया है। सेल्सफोर्स में छंटनी की यह खबर माइक्रोसॉफ्ट की ओर से अपने वीडियो-गेम डिवीजन में 1,900 कर्मचारियों निकाले जाने की खबर सामने आने के दिन बाद आई। सूत्रों के अनुसार माइक्रोसॉफ्ट जिन कंपनियों में छंटनी करने जा रही है उनमें एक्टिविज़न ब्लिजार्ड भी शामिल है। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल के अंत में हुए एक हुए सौदे के तहत 69 बिलियन डॉलर में एक्टिविजन का अधिग्रहण किया था। डब्ल्यूईएफ में, सेल्सफोर्स के सीईओ मार्क बेनिऑफ ने कहा कि टेक इंडस्ट्री में एआई के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए विभिन्न कंपनियों की ओर से सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

# टाटा-एयरबस के बीच हुई डील, मिलकर बनाएंगे एच125 हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरबस हेलीकॉप्टर्स ने शुक्रवार को कहा कि वह देश में हेलीकॉप्टर बनाने का संयंत्र स्थापित करने के लिए टाटा समूह के साथ साझेदारी कर रहा है। एयरबस हेलीकॉप्टर ने एक बयान में कहा कि वह 'फाइनल एसेंबली लाइन (विनिर्माण इकाई) के जरिये 'सिविल रेंज के एयरबस एच125 हेलीकॉप्टर का विनिर्माण करेगी। इसका उत्पादन भारत और कुछ पड़ोसी देशों को निर्यात करने को लेकर किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि 'फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) निजी क्षेत्र के भारत में हेलीकॉप्टर विनिर्माण सुविधा स्थापित करने का पहला उदाहरण होगा। यह भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम को गति देगा। इस साझेदारी के तहत, टाटा समूह की अनुषंगी कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) एयरबस हेलीकॉप्टर्स के साथ संयंत्र स्थापित करेगी। यह घोषणा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान की गई। एयरबस हेलीकॉप्टर्स ने कहा कि भारत में एफएएल प्रमुख कल-पुर्जों को जोड़ने (असेंबली), एवियोनिक्स और मिशन सिस्टम, विद्युत हार्नेस की स्थापना, हाइड्रोलिक सर्किट, उड़ान नियंत्रण, ईंधन प्रणाली और इंजन के एकीकरण का कार्य करेगा।

बयान के अनुसार, इसके अलावा यह भारत और क्षेत्र में ग्राहकों के लिए एच125 का परीक्षण, योग्यता और वितरण भी करेगा। इसमें कहा गया है कि एफएएल को स्थापित होने में 24 महीने का समय लगेगा। पहले मेड इन इंडिया एच125 की डिलिवरी 2026 के शुरू होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, 'फाइनल असेंबली लाइन लगाने के लिए स्थान एयरबस और टाटा समूह संयुक्त रूप से तय करेंगे।

एयरबस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गुइलाम फाउरी ने कहा, ''राष्ट्र निर्माण के लिए हेलीकॉप्टर महत्वपूर्ण हैं। मेड-इन-इंडिया सिविल हेलीकॉप्टर न केवल आत्मविश्वास से भरे नए भारत का प्रतीक होगा, बल्कि देश में हेलीकॉप्टर बाजार की वास्तविक क्षमता को भी सामने लाएगा। उन्होंने कहा, हेलीकॉप्टर के लिए हम 'फाइनल असेंबली लाइन अपने भरोसेमंद साझेदार टाटा के साथ मिलकर बनाएंगे। यह भारत में एयरोस्पेस परिवेश को विकसित करने के लिए एयरबस की प्रतिबद्धता को बताता है।

## टेकमहिन्द्रा की तीसरी तिमाही की आय 1.8 प्रतिशत बढ़कर 13,101 करोड़ रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** डिजिटल परिवर्तन, परामर्श और बिजनेस रिइंजीनियरिंग सेवाओं में विशेषज्ञ कंपनी टेक महिन्द्रा ने 31दिसंबर, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय नतीजों की आज घोषणा की। आय 157.3करोड़ डालर रही, तिमाही दर तिमाही 1.1प्रतिशत अधिक, साल दर साल 5.7प्रतिशत कम श स्थिर मुद्रा संदर्भ में आय तिमाही दर तिमाही 1.1प्रतिशत बढ़ी। एबिटा 13.8करोड़ डालर रहा, तिमाही दर तिमाही 6.4प्रतिशत अधिक, साल दर साल 47.1प्रतिशत कम, मार्जिन 8.8प्रतिशत, तिमाही दर तिमाही 40 आधार अंक अधिक। कर बाद लाभ 6.1करोड़ डालर, तिमाही दर तिमाही 3.0प्रतिशत अधिक, साल दर साल 61.0प्रतिशत कम। टेक महिन्द्रा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मोहित जोशी ने कहा, बीती तिमाही परिणा के लिहाज से मिलीजुली रही जिसमें विनिर्माण एवं हेल्थकेयर खंड में वृद्धि रही, लेकिन संचार, बीएफएसआई और हाईटेक जैसे क्षेत्रों में मामूली खर्च रहा। जहां इन बाजारों में इस विरोधाभास को दूर होने में अपना समय लगेगा, हम नई संरचना के तहत आंतरिक रूप से पुनः संगठित होने पर ध्यान दे रहे हैं और साथ ही हमारे संगठनों की नीव मजबूत कर रहे हैं।




## गोदरेज समूह हीरे जैसा मज़बूत के शानदार विचार के साथ मना रहा है गणतंत्र दिवस

**मुंबई एजेंसी।** भारत 26 जनवरी को अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाने के लिए तैयार है और ऐसे में गोदरेज समूह को परिवर्तित राष्ट्र की यात्रा का जश्न मनाते हुए एक डिजिटल अभियान शुरू करने पर गर्व है। यह अभियान, आधिकारिक थीम, सहीरेजैसामज़बूत (विकसित भारत) के अनुरूप उन आम नागरिकों पर केंद्र में रखता है, जिन्होंने भारत की असाधारण गणतंत्र की हीरक जयंती को आकार दिया है। यह अभियान एक मार्मिक वीडियो कथा के ज़रिये उन दबावों, अथक परिश्रम और दृढ़ दृष्टि का सम्मान करता है, जिसने हमारे देश को हीरे के रूपक में बदल दिया है। किसानों से लेकर उद्यमियों तक, डॉक्टरों से लेकर सैनिकों तक और एथलीटों से लेकर कलाकारों तक, यह अभियान विविध पृष्ठभूमि और आयु वर्ग के आम जीवन के नायकों की कहानियों पर रोशनी डालता है, जिन्होंने भारत के विकास और गौरव में योगदान दिया है। गोदरेज इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक और मुख्य ब्रांड अधिकारी, तान्या दुबाश ने इस अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, हम 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहे हैं और इस मौके पर हम अपने देश की दृढ़ता स्वीकार कर इसका जश्न मनाना चाहते हैं, जो बिलकुल हीरे की तरह दबाव झेलकर और भी अधिक मज़बूत बनकर उभरा।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए 26,000 करोड़ का नया बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया

**मुंबई एजेंसी।** देश के अग्रणी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए 26,000 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त अवधि में यह 21,512 करोड़ रुपये था। सिंगल प्रीमियम में 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त इसी अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का प्रोटेक्शन न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए 2,972 करोड़ रहा, जो 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए सुरक्षा व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम यह 667 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम 17,762 करोड़ रुपये रहा, 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त इसी अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त अवधि के लिए एसबीआई लाइफ का कर पश्चात लाभ 1,083 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 1.50 की नियामक आवश्यकता के मुकाबले 31 दिसंबर, 2023 तक 2.09 पर मजबूत बना हुआ है।

SBI Life
Apne liye. Apno ke liye.

## होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई एनएक्स 500

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज रु 5,90,000 (एक्सशोरूम, नई दिल्ली) की आकर्षक कीमत पर नई 'एनएक्स500' एडवेंचर टूरर का लॉन्च किया है। नया मॉडल सीबीयू (कम्पलीटली बिल्ट-अप)रूट के माध्यम से भारतीय बाज़ार में उपलब्ध होगा। अपने लोकप्रिय विशेषताओं की धरोहर के साथ इसमें कई अपग्रेड्स और नए स्टाइलिंग फीचर्स लाए गए हैं। 'नई एक्स-ओवर' एनएक्स500 इस तरह से डिज़ाइन की गई है कि यह हर तरह की सड़क पर संतोषजनक अनुभव प्रदान करेगी फिर चाहे मिट्टी से भरे लम्बे रास्ते हों या लम्बी दूरी की रोमांचक राईड। नई एनएक्स500 की बुकिंग शुरू हो चुकी है, इसे बिगविंग डीलरशिप्स के माध्यम से भारत में बेचा जाएगा।



होण्डा की नई प्रीमियम एडवेंचर मोटरसाइकिल पेश करते हुए श्री सुत्सुमु ओतानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेज़ीडेन्ट एवं सीईओ, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''आज हम भारत में बहु-प्रतीक्षित एनएक्स500 का लॉन्च कर रहे हैं, यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। यह आधुनिक स्ट्रीट एडवेंचर मोटरसाइकिल इनोवेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और रोमांचक राईड का अनुभव प्रदान करती है। रोज़मर्रा के क्रॉसओवर डिज़ाइन, प्रीमियम टेक्नोलॉजी और लाईवली ट्विन सिलिंडर इंजन के साथ एनएक्स500 उपभोक्ताओं के लिए राईड के अनुभव को नया आयाम देने तथा दोपहिया वाहन पर एडवेंचर का जश्न मनाने के लिए तैयार है।''

# सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड बोर्ड ने 8064 मिलियन रुपये की धनराशि जुटाने को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) (बीएसईः 540642, एनएसई) लार्ज और हैवी स्टील स्ट्रक्चर्स के निर्माण में लगी हुई है, और टेलीकॉम, पावर, रेलवे और अन्य सहित विभिन्न प्रकार के उद्योगों को कस्टमाइज़ स्टील स्ट्रक्चर्स और ईपीसी सॉल्यूशंस देती है। कंपनी ने घोषणा की है कि 25 जनवरी 2024 को आयोजित अपनी बोर्ड मीटिंग में, बोर्ड ने विभिन्न प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर एंटिटीज़ को, शेयरहोल्डर्स और अन्य रेगुलरिटी अथॉरिटी के अनुमोदन के अधीन, जैसा भी लागू हो, प्रेफरेंशिएल बेसिस पर शेयर और कन्वर्टबल वारंट जारी करके 8064 मिलियन रुपये के फंड जुटाने को मंजूरी दे दी है।

नॉन-प्रमोटर ग्रुप कैटेगरी के अंदर नॉर्थ स्टार अपॉर्चुनिटीज़ फंड, एनएवी कैपिटल वीसीसी - एनएवी कैपिटल इमर्जिंग स्टार फंड, कोयस ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज़ फंड, एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज़ फंड आदि को शेयर और/या वारंट इश्यू किए जाएंगे, प्रमोटरों में शशांक अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, राघव अग्रवाल और भरत अग्रवाल को वारंट जारी किया जाएगा।

यह प्रस्तावित आवंटन भी प्रत्येक इक्विटी शेयर और जारी किए गए वारंट के लिए संबंधित व्यक्तियों को प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर, पब्लिक कैटेगरी से 4:1 के अनुपात में, प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर जारी किए जाने वाले इक्विटी शेयर्स और वारंट्स के 4 फुली पैड बोनस शेयर्स के अधिकारी होंगे, क्योंकि प्रेफेरेंशिएल अलॉटमेंट के लिए निर्गम मूल्य कॉर्पोरेट कार्रवाई और रिकॉर्ड तिथि से पहले निर्धारित किया गया है।

इससे पहले, कंपनी को एक कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था, जिसकी कीमत 3,640 मिलियन रुपये थी। यह कॉन्ट्रैक्ट टर्नकी मोड में लॉस रिडक्शन कार्य के एग्जीक्यूशन पर आधारित है। यह कॉन्ट्रैक्ट कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें तमिलनाडु के इरोड जिले में पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए व्यापक कार्य शामिल है। अनुबंध के तहत, सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) को फेडर सेग्रीगेशन, हाई वोल्टेज डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, डबल डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर को अलग करने और 33 केवी लाइन्स के संवर्द्धन की आपूर्ति, निर्माण और स्थापना का काम सौंपा गया है। उपरोक्त अनुबंध ऑर्डर बुक को और मज़बूत करता है और 36 महीनों के भीतर इसके पूरा होने की उम्मीद है, जिससे भारी एबिटा (श्वब्ढ्ढञ्ज) मार्जिन प्राप्त होगा। ।

ऑर्डर की जीत पर कमेन्ट करते हुए, सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड की प्रबंधन टीम ने कहा कि, हमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और कटिंग एज इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस देने में हमारी क्षमताओं को रेखांकित करती है।

सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड ने तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 3,640 मिलियन रुपये का एक महत्वपूर्ण ईपीसी अनुबंध हासिल किया है। अनुबंध टर्नकी मोड में हानि कम करने के काम को निष्पादित करने पर केंद्रित है। हम डिज़ाइन और इंजीनियरिंग से लेकर मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग, सप्लाई, निर्माण और फेडर सेग्रीगेशन के इंस्टॉलेशन, हाई वोल्टेज डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, डबल डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर को अलग करने और 33 केवी लाइनों के विस्तार तक प्रोजेक्ट के हर पहलू को संभालेंगे। परियोजना को क्रमिक चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा।

2006 में इनकॉरपोरेटेड, सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड भारत में अनुकूलित स्टील फैब्रिकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस प्रदाता है।

## सड़क परिवहन से जुड़ी तमाम परेशानियों का समाधान लेकर आई, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर की नई रिसर्च

**जोधपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के शोधकर्ताओं ने अपनी एक नई रिसर्च पेश की है। इस रिसर्च का नाम है A Novel MAC-Based Authentication Scheme for Internet of Vehicles (IoV), ये इंटरनेट ऑफ व्हीकल यानि IOV नेटवर्क पर आधारित एक ऐसी अनोखी रिसर्च है जिसकी मदद से सड़क परिवहन को अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकता है। इस तकनीक की मदद से अगर यातायात प्रबंधन किया जाए तो न केवल रोज़ाना लगने वाले ट्रैफिक जाम में कमी आ सकती है बल्कि वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को भी काफी हद तक कम किया जा सकता है। आईआईटी जोधपुर के शोधकर्ताओं ने इसी क्षेत्र से संबंधित एक और रिसर्च भी की है, जिसका नाम है Federated learning based driver recommendation for ne&t generation transportation system, इस रिसर्च में किसी वाहन चालक के वाहन चलाने के तरीके का विश्लेषण कर के इस बात का पता लगाया जा सकता है कहीं वह चालक तनाव में तो गाड़ी नहीं चला रहा है और अगर ऐसा है तो इस रिसर्च की मदद से ये भी पता लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में उस चालक के लिए वाहन चलाना सुरक्षित है भी या नहीं। Noval MAC Based Authentication Scheme यानि NoMAS की मदद से न केवल वाहनों को और ज़्यादा सुरक्षित बनाया जा सकता है बल्कि एक आम वाहन को एक स्मार्ट व्हीकल में बदला जा सकता है।



**हैदराबाद टेस्ट का तीसरा दिन**

# अक्षर ने फोक्स को बोल्ड किया, ओली पोप का शानदार शतक

**● इंग्लैंड 316/6, पहली पारी में भारत ने बनाए 436 रन ● अश्विन और बुमराह ने 2-2 विकेट लिए**



**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला हैदराबाद में खेला जा रहा है। राजीव गांधी स्टेडियम में इंग्लैंड ने पहली पारी में 246 और भारत ने 436 रन बनाए। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 126 रन की बढ़त बना ली है। तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल चल रहा था। इंग्लैंड ने 6 विकेट पर 316 रन बना लिए हैं। ओली पोप और रेहान अहमद क्रीज पर थे। पोप सेंचुरी टेस्ट करियर का 5वां शतक पूरा किया। पोप 148 रन बनाकर खेल रहे थे। बेन फोक्स 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। भारत से रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने 2-2 विकेट लिए। एक-एक सफलता रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल के हाथ लगी। इंग्लैंड की ओर से बेन डकेट 47, जैक क्रॉले 31, जॉनी बेयरस्टो 10, बेन स्टोक्स 6 और जो रूट 2 रन ही बना सके।

### अक्षर ने तोड़ी पोप-फोक्स की पार्टनरशिप

अक्षर पटेल ने भारत को छठी सफलता दिलाई। उन्होंने बेन फोक्स (34 रन) को बोल्ड कर दिया और उनकी ओली पोप के साथ अर्धशतकीय साझेदारी तोड़ी। इस साझेदारी ने टीम स्कोर में 78 रन का योगदान दिया।



### अश्विन ने स्टोक्स को बोल्ड किया

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स दूसरी पारी में 6 ही रन बना सके। उन्हें रवि अश्विन ने बोल्ड किया। 37वें ओवर की पांचवीं बॉल अश्विन ने फुलर लेंथ फेंकी, स्टोक्स डिफेंड करने गए लेकिन गेंद टर्न होकर स्टंप्स से जा लगी। स्टोक्स टेस्ट में 12वीं बार अश्विन का शिकार हुए हैं।

### जडेजा ने बेयरस्टो को बोल्ड किया

जॉनी बेयरस्टो 10 रन बनाकर रवींद्र जडेजा का शिकार हुए। वह 28वें ओवर में बोल्ड हो गए। ओवर की चौथी बॉल जडेजा ने गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के सामने फेंकी। बेयरस्टो ने शॉट नहीं खेला और बॉल सीधे स्टंप्स से जा लगी।

### बुमराह ने रोकी इंग्लैंड की रफ्तार

इंग्लैंड के बैटर्स दूसरी पारी में बहुत तेजी से रन बना रहे थे। टीम ने 18 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर करीब 6 के स्कोरिंग रेट से 113 रन बना लिए थे। यहां जसप्रीत ने लगातार ओवरों में 2 विकेट ले लिए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**भारत** – रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जड़ेजा, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज

**इंग्लैंड** – जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स (विकेटकीपर), रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जैक लीच

# आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ओपन जीतीं

**विमेंस सिंगल्स इवेंट में चीन की झेंग को सीधे सेटों में हराया**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ओपन के विमेंस सिंगल्स इवेंट में बेलारूस की आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ओपन जीत लिया। शनिवार को रॉड लेवर एरेना में सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को केवल एक घंटे में 6-3, 6-2 से सीधे सेट्स में हरा दिया। इस जीत के साथ, विक्टोरिया अजारेंका के बाद मेलबर्न पार्क में लगातार विमेंस इवेंट जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। अजारेंका ने 2012 और 2013 में लगातार खिताब जीता था।

**पूरे टूर्नामेंट में सबालेंका एक सेट भी नहीं हारीं** – 25 वर्षीय सबालेंका साल 2000 के बाद से एक भी सेट गंवाए बिना टूर्नामेंट जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका से पहले लिंडसे डेवनपोर्ट (2000), मारिया शारापोवा (2008), सेरेना विलियम्स (2017) और ऐश बार्टी (2022) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। सबालेंका ने तीन बार ग्रैंड स्लैम का फाइनल खेला, जिसमें उन्हें 2 बार जीत मिली। वे यूएस ओपन के खिताबी मुकाबले में कोको गॉफ से हार गई थी।

**सबालेंका ने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी** – अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेल रही सबालेंका ने शुरुआती सेट में ही झेंग की सर्विस तोड़कर 2-0 की बढ़त ले ली। चीनी खिलाड़ी ने तुरंत अगले गेम में अपने लिए तीन ब्रेक-पॉइंट के मौके बनाए, लेकिन बेलारूसी खिलाड़ी ने झेंग को रोकने के लिए अच्छा संघर्ष किया और पहला सेट केवल 32 मिनट में 6-3 से जीत लिया। सबालेंका ने फिर दूसरे सेट में जल्द ही 5-2 से बढ़त बना ली। 40-0 पर पहुंच गई, लेकिन झेंग ने उन्हें लगातार चार पॉइंट्स देने से इनकार कर दिया, जिससे ब्रेक पॉइंट मिलने से पहले उन्हें दो बार ड्यूस करना पड़ा। आखिरकार सबालेंका को पॉइंट मिला और वें 6-2 से सेट और गेम जीत गई।

टेनिस में ब्रेक पॉइंट वह मौका होता है जब सेट में बढ़त मिलती है। वहीं, जब पॉइंट्स 40-40 से बराबर हो जाता है, तो लगातार 2 पॉइंट लेने पर ही सेट में बढ़त मिलती है।चीन की किनवेन झेंग ने पहली बार ग्रैंड स्लैम का फाइनल खेला।

**मेंस सिंगल्स का खिताबी मुकाबला आज** – मेंस सिंगल्स का मुकाबला आज यानी रविवार को खेला जाएगा। सिनर का मुकाबला रूस के वर्ल्ड नंबर-3 प्लेयर डेनियल मेदवेदेव के खिलाफ होगा। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेट तक चले मुश्किल मुकाबले में (5-7, 3-6, 7(7)-6(4), 7 (7)-6 (5), 6-3) से हराया। वहीं, सिनर डिफेंडिंग चैंपियन जोकोविच को 6-1, 6-2, 6-7, 6-3 से हरा कर फाइनल में पहुंचे।

### सिंगल्स विजेता को मिलेंगे 17.5 करोड़ रुपए

इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन की कुल प्राइज मनी 481.2 करोड़ रुपए है। पिछले साल के मुकाबले इस साल प्राइज मनी में 13 फीसदी का इजाफा हुआ। मेंस और विमेंस सिंगल्स के विनर को करीब 17.50 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं, रनर अप 9.5 करोड़ रुपए लेकर जाएंगे।



# विमेंस प्रीमियर लीग खेलेंगी चमारी अटापट्टू

**● यूपी वॉरियर्ज ने लौरेन बेल की जगह शामिल किया, ● आईसीसी की वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर हैं अटापट्टू ● स्पोर्ट्स डेस्क5 घंटे पहले**



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका विमेंस टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू विमेंस प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन खेलती नजर आएंगी। उन्हें यूपी वॉरियर्ज ने इंग्लिश तेज गेंदबाज लौरेन बेल की जगह स्क्वॉड में शामिल किया। बेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज की तैयारी करने के लिए डब्ल्यूपीएल नहीं खेलने का फैसला किया। 33 साल की अटापट्टू यूपी की टीम में 30 लाख रुपए की बेस प्राइस में शामिल हुईं, वह ऑक्शन में अनसोल्ड रही थीं। उन्हें आईसीसी ने 2023 की विमेंस वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी दिया।

**ऑक्शन में 2 बार अनसोल्ड रही थीं अटापट्टू** –चमारी डब्ल्यूपीएल के पहले सीजन में भी अनसोल्ड रही थीं। दूसरे सीजन से पहले उन्होंने इंटरनेशनल और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। बावजूद इसके वह दूसरे सीजन के ऑक्शन में भी अनसोल्ड रहीं। ऑक्शन में उन पर 2 बार बोली लगी, लेकिन दोनों ही बार उन्हें खरीदार नहीं मिला। अब यूपी ने उन्हें 30 लाख रुपए की बेस प्राइस में शामिल किया है।

**अटापट्टू बोलीं– अपना बेस्ट दूंगी** – डब्ल्यूपीएल में शामिल होने पर चमारी अटापट्टू ने कहा, मैं डब्ल्यूपीएल में अपना बेस्ट देने पर ध्यान दूंगी। कोच जॉन लुईस और कप्तान एलिसा हीली के साथ काम कर मैं अपनी टीम को चैंपियन बनाना चाहती हूं। डब्ल्यूपीएलबहुत अच्छा और बड़ा टूर्नामेंट है, यूपी वॉरियर्ज की टीम भी बेहद मजबूत है।

**122 टी-20 का अनुभव है** – चमारी अटापट्टू ने श्रीलंका के लिए 122 टी-20 मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 8 फिफ्टी और एक सेंचुरी के सहारे 2651 रन बनाए हैं। उन्होंने 6.70 की इकोनॉमी से 40 विकेट भी लिए हैं।

**अटापट्टू ने श्रीलंका के खिलाफ पिछले साल ही सीरीज जिताई** – डब्ल्यूपीएलके पहले सीजन में अनसोल्ड रहने के बाद 2023 में अटापट्टू ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 16 टी-20 इंटरनेशनल में 131 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 470 रन बनाए। साथ ही ऑफ स्पिन बॉलिंग से 8 विकेट भी लिए। उन्होंने श्रीलंका की कप्तानी करते हुए टीम को इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जिताई। सीरीज में उन्होंने ही सबसे ज्यादा रन बनाए और सबसे ज्यादा विकेट भी लिए।

**बिग बैश में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं** –विमेंस बिग बैश लीग के पिछले ही सीजन में अटापट्टू प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रही थीं। उन्होंने सिडनी थंडर से खेलते हुए 15 मैचों में 552 रन बनाए, इसके साथ ही उन्होंने 9 विकेट भी झटके। वह इन दिनों न्यूजीलैंड में विमेंस सुपर स्मैश खेल रही हैं। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से खेलते हुए वह 9 टी-20 में 128 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 221 रन बना चुकी हैं। साथ ही उन्होंने 9 विकेट भी लिए। उनकी टीम शुक्रवार को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबला हार कर बाहर हो गई।

**इंग्लैंड के बाकी प्लेयर्स का खेलना तय नहीं** – इंग्लैंड टीम 19 मार्च से न्यूजीलैंड में सीरीज खेलेगी, डब्ल्यूपीएलका फाइनल एक दिन पहले 17 मार्च को ही होगा। 23 फरवरी से टूर्नामेंट शुरू होगा। लौरेन बेल ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अपना नाम वापस ले लिया। इंग्लैंड की बाकी विमेंस प्लेयर्स का भी खेलना अब तक कन्फर्म नहीं हो सका है। यूपी के कोच जॉन लुईस भी इंग्लैंड टीम के साथ जुड़े हैं।

# रोहन बोपन्ना, जोशना चिनप्पा सहित 6 खिलाड़ियों को मिलेगा पद्मश्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना, स्क्वैश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा सहित छह खिलाड़ियों को पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा जाएगा। गृह मंत्रालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार की जारी की 6 खिलाड़ियों की सूची में टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और स्क्वैश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने गुरुवार को 2024 के पद्मश्री पुरस्कार के लिए नामित किया था। यह पुरस्कार मार्च-अप्रैल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए जाएंगे।

2023 टेनिस सीजन की शुरुआत में रोहन बोपन्ना 19वें रैंक पर थे। इसके बाद वह अपने साथी खिलाड़ी मैथ्यू एबडेन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए कुछ सफल परिणाम हासिल किए और वह टॉप 10 में पहुंच गए।

# इंग्लैंड में साथ खेलते नजर आएंगे युवराज, अफरीदी और पीटरसन

**इंग्लैंड के एजबेस्टन में होगी वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स, ईसीबी ने दी स्वीकृति**

**लंदन (एजेंसी)।** अगर आप युवराज सिंह, शाहिद अफरीदी या केविन पीटरसन जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स के फैन हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। ये सितारे एक साथ टी-20 लीग खेलते नजर आएंगे। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मान्यता प्राप्त वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स नाम की लीग में ये खिलाड़ी अगली गर्मियों में इंग्लैंड के एजबेस्टन में मैदान में उतरेंगे। लीग की शुरुआत 3 जुलाई से होगी।

**बड़ी क्रिकेटिंग कंट्रीज के खिलाड़ी शामिल होंगे** –इस लीग में भारत, पाकिस्तान और इंग्लैंड के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भी ऐसे खिलाड़ी शिरकत कर सकेंगे जो या तो रिटायर हो चुके हैं या इस समय किसी बोर्ड के कॉन्ट्रैक्ट में नहीं बंधे हैं। बॉलीवुड फिल्म एंड म्यूजिक प्रोडक्शन कंपनी जबावा एंटरटेनमेंट इस टूर्नामेंट को ऑर्गेनाइज कर रही है।

**90 और 2000 के दशक के सितारे दिखेंगे** – जबावा के डायरेक्ट हर्षित तोमर ने कहा- इस लीग में वैसे



खिलाड़ी खेलेंगे जिनके दुनियाभर में करोड़ों फैंस हैं। इन खिलाड़ियों ने 90 और 2000 के दशक में अलग-अलग देशों में अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल जीता है। डब्ल्यूसीएल ड्ब्ष्टरु के प्लेटफॉर्म पर दर्शकों को इन्हें फिर से देखने का मौका मिलेगा। युवराज, अफरीदी और पीटरसन से कॉन्ट्रैक्ट हो चुका है। बाकी सितारों के नाम की घोषणा भी जल्द होगी।

# तन्मय की फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज ट्रिपल सेंचुरी

**147 बॉल में 300 रन पूरे किए, एक दिन में तीन रिकॉर्ड तोड़े**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज तन्मय अग्रवाल ने शुक्रवार को तीन रिकॉर्ड तोड़े। हैदराबाद के नेक्सजेन क्रिकेट ग्राउंड में रणजी ट्रॉफी राउंड-4 मैच के दौरान अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 147 गेंदों में फर्स्ट क्लास क्रिकेट का सबसे तेज तिहरा शतक लगाया। तन्मय 323 रन बनाकर अभी नॉटआउट हैं। वे शनिवार को अपनी पारी को आगे बढ़ाएंगे। अग्रवाल ने साउथ अफ्रीका के मार्को मरैस का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में ईस्टर्न प्रोविएंस के खिलाफ बॉर्डर के लिए 191 गेंदों में 300 रन बनाए थे।तन्मय ने इस पारी में 21 छक्के लगाए, जो रणजी ट्रॉफी का रिकॉर्ड है। भारत के टॉप डोमेस्टिक टूर्नामेंट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्कों का पिछला रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम था, उन्होंने 14 छक्के लगाए थे।



**दोहरे शतक में रवि शास्त्री का 39 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा** – स्पोर्ट्स स्टार के मुताबिक- तन्मय ने इस पारी में 119 गेंदों पर 200 का आंकड़ा छूकर पूर्व भारतीय कप्तान रवि शास्त्री का सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। शास्त्री फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी थे। अब इस मामले में तन्मय टॉप पर हैं। शास्त्री 39 साल पहले 10 जनवरी 1985 को रणजी ट्रॉफी जोनल मैच में बड़ौदा के खिलाफ बॉम्बे के लिए सबसे तेज फर्स्ट क्लास डबल सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी बने थे। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शास्त्री को 200 रन के आंकड़े तक पहुंचने में सिर्फ 113 मिनट लगे थे। मुंबई को 457 रनों तक पहुंचने के बाद टीम ने दूसरी पारी घोषित कर दी थी।

**अरुणाचल के लिए डोरिया ने सबसे ज्यादा रन बनाए** – अरुणाचल प्रदेश ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की। टीम 39.4 ओवर में 172 रन बना कर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए ओपनर टेची डोरिया ने सबसे ज्यादा 97 रन बनाए। हैदराबाद के मिलिंद और कार्तिकेय काक को 3-3 विकेट मिले। टी थयागराजन को 2 विकेट हासिल हुए। वहीं, साकेथ और एलिग्राम संकेथ को 1-1 सफलता मिली। हैदराबाद ने पहले ही दिन पारी की शुरुआत की और 48 ओवर में 529 रन बना लिए।

# भारतीय महिला हॉकी टीम हॉकी फाइव्स विश्व कप के फाइनल में

**आज भारत का सामना नीदरलैंड से होगा**

**मस्कट(एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने यहां दक्षिण अफ्रीका पर 6-3 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए एफआईएच हॉकी फाइव्स महिला विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में रविवार को भारत का सामना नीदरलैंड से होगा। अक्षता अबासो ढेकाले (सातवें मिनट), मारियाना कुजूर (11वें), मुमताज खान (21वें), रुतुजा दादासो पिसल (23वें), ज्योति छत्री (25वें) और अजीमा कुजूर (26वें) ने शुक्रवार रात हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारत के लिए गोल दागे।

दक्षिण अफ्रीका के लिए टेशॉन डी ला रे (5वें), कप्तान टोनी मार्क्स (8वें) और डिर्की चेम्बरलेन (29वें) ने गोल किए। दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ में काफी डिफेंसिव शुरूआत की लेकिन गोल करने का पहला मौका भी उसे ही मिला।

**आस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज**

# माइकल स्टार्क ने नो बॉल पर तोड़ा शमर जोसेफ के पैर का अंगूठा

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज माइकल स्टार्क ने एक फिर से अपनी खतरनाक गेंदबाजी का सबूत दिया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एक डैडली यॉर्कर डालकर विंडीज क्रिकेटर शमर जोसेफ को पवेलियन की राह दिखा दी। दरअसल स्टार्क का एक स्टीक यॉर्कर शमर के पैर के अंगूठे पर लगा जिस कारण वह कुछ पल में ही असहज दिखने लगे। उक्त घटना की वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर आई, फैंस ने इस पर मिली जुली प्रतिक्रियाएं दीं।

**ऑस्ट्रेलिया को मिला 216 रन का लक्ष्य** – मुकाबले की बात करें तो विंडीज ने पहले खेलते हुए कीवम होज के 71 तो जोशुआ डी सिल्वा के 79 तो केविन सिन्क्लेयर के 50 रनों की बदौलत 311 रन बनाए थे। स्टार्क 4 तो हेजलवुड और लियोन 2-2 विकेट लेने में सफल रहे। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने उसमान ख्वाजा के 75, एलेक्स कैरी के 65 और पैट कमिंस के 64 रनों की बदौलत 289 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। मामूली बढ़त के बाद खेलने उतरी विंडीज टीम स्थिति को भुना नहीं सकी और 193 रन पर ही



आऊट हो गई। विंडीज की ओर से दूसरी पारी में किंक ने 41, एलिक ने 72 गेंदों पर 35, जस्टिन ग्रेव्स ने 33 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हेजलवुड ने 23 रन देकर 3 तो नाथन लियोन ने 42 रन देकर 3 विकेट लिए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को मात्र 216 रन का लक्ष्य मिला।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



# विधायकों से बात, 25-25 करोड़ का ऑफर दिया

## आप ने बीजेपी पर लगाया ऑपरेशन कमल का आरोप




### सरकार गिराने की कोशिश

सीएम ने दिल्ली की सरकार गिराने की साजिश का आरोप लगाते हुए कहा, इसका मतलब किसी शराब घोटाले की जांच के लिए मुझे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा बल्कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं। पिछले नौ सालों में हमारी सरकार गिराने के लिए इन्होंने कई षड्यंत्र किए। लेकिन इन्हें कोई सफलता नहीं मिली। भगवान ने और जनता ने हमेशा हमारा साथ दिया। हमारे सभी विधायक भी मजबूती से साथ हैं। इस बार भी ये लोग अपने नापाक इरादों में फेल होंगे।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी (आप) ने बीजेपी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने दिल्ली में ऑपरेशन कमल की कोशिश का आरोप लगाया। पार्टी की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में बीजेपी आप की चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। सात विधायकों से संपर्क किया है। उनसे कहा है कि हम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाले हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद हम आप के विधायकों को एक-एक करके तोड़ेंगे। बीजेपी का कहना है कि वह आप के 21 विधायकों के संपर्क में है। इन 21 विधायकों की मदद से हम दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिरा देंगे। बीजेपी ने सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए का ऑफर दिया है। अगर वो आप छोड़कर बीजेपी में आते हैं तो उन्हें पैसे दिए जाएंगे।

आतिशी के आरोपों के बाद केजरीवाल ने भी ऑपरेशन कमल का दावा किया है। सीएम ने एक्स पर लिखा, पिछले दिनों इन्होंने हमारे दिल्ली के सात विधायकों को संपर्क कर कहा है - कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे। 21 विधायकों से बात हो गयी है। औरों से भी बात कर रहे हैं। उसके बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे। आप भी आ जाओ। 25 करोड़ रुपये देंगे और बीजेपी के टिकट से चुनाव लड़वा देंगे। हालांकि उनका दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया है लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक उन्होंने अभी तक 7 विधायकों को ही संपर्क किया है और सबने मना कर दिया।

### हमारे पास ऑडियो रिकॉर्डिंग है

यह पूछे जाने पर कि पार्टी किस आधार पर आरोप लगा रही है तो दिल्ली की मंत्री ने कहा कि आप के पास एक भाजपा नेता की ऑडियो रिकॉर्डिंग है जिसमें वह आप विधायक से बात कर रहे हैं और उन्हें अरविंद केजरीवाल की संभावित गिरफ्तारी और विधायकों की खरीद-फरोख्त की योजना के बारे में बता रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस रिकॉर्डिंग को जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। आतिशी ने कहा, रिकॉर्डिंग में एक भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनकी गिरफ्तारी के बाद आप सरकार को गिरा देंगे।

### आप से प्यार करती है जनता

दिल्ली के मुख्यमंत्री का कहना है कि जनता सरकार से बहुत प्यार करती है। इसलिए बीजेपी हमें चुनाव में नहीं हरा सकती। उन्होंने कहा, ये लोग जानते हैं कि दिल्ली की जनता के लिए हमारी सरकार ने कितने काम किए हैं। इनकी पैदा की गयी तमाम अड़चनों के बावजूद हमने इतने काम किए हैं। दिल्ली की जनता आप से बेइंतहा प्यार करती है। इसलिए चुनावों में आप को हराना इनके बस की बात नहीं। तो एक फर्जी शराब घोटाले के बहाने गिरफ्तार करके सरकार गिराना चाहते हैं।

## शाहदरा में रबड़ की फैक्टरी में लगी आग, उजाड़े हंसते-खेलते दो परिवार; बच्ची सहित चार की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा के रामनगर में शुक्रवार को चार मंजिला इमारत में लगी आग ने दो परिवार उजाड़ दिए। शुरुआत जांच में पता चला है कि मकान के नीचे रबड़ का सामान बनाने की फैक्टरी है। उसी में लगी आग में चार लोगों की जान चली गई। हादसे में मारे गए चार लोगों में मां-बेटे प्रथम सोनी व गौरी सोनी, वहीं, दूसरे परिवार की नौ माह की बेटी व उसकी मां शामिल हैं। दोनों परिवारों में केवल उनके पति ही सही सलामत बचे हैं क्योंकि वे काम पर बाहर गए हुए थे। प्रथम की बहन राधिका व मकान मालिक भारत सिंह की पत्नी प्रभावती बुरी तरह घायल हैं। प्रथम सोनी के चाचा योगेश कुमार ने बताया कि मकान के भूतल पर वाइपर व रबड़ का सामान बनाने की फैक्टरी चलती है। यहां किसी श्रमिक ने धूम्रपान के बाद जलती बीड़ी फेंक दी। उसके कारण लगी आग ने प्लास्टिक के सामान को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसकी चपेट में आने से प्रथम सोनी व उसकी मां गौरी सोनी की मौत हो गई। वहीं, बहन राधिका बुरी तरह से घायल हो गई। इनका परिवार इमारत के तीसरे तल पर रहता है। मकान मालिक भारत सिंह का परिवार भूतल व प्रथम तल पर रहता है। उनकी पत्नी 70 वर्षीय प्रभावती भी आग की चपेट में आने से घायल हो गई हैं। इसके अलावा नौ माह की बच्ची रूही का परिवार दूसरे तल पर रहता है। रूही व उनकी मां रचना की भी दम घुटने व जलने से अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमिका से शादी करने पहुंचा गाजियाबाद, कोर्ट से उठा ले गए लड़की के परिजन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान के सीकर से अपनी प्रेमिका के साथ शादी करने पहुंचे युवक का गुरुवार दोपहर को गाजियाबाद की सदर तहसील में अपहरण हो गया। प्रेमिका के परिजनों की तरफ से युवक का अपहरण किया गया। युवती ने इसकी सूचना गाजियाबाद पुलिस को हेल्पलाइन नंबर 112 पर दी। इसके बाद पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) गाजियाबाद को जानकारी देकर गाड़ी रोकने के लिए कहा।

सूचना पर सक्रिय हुई एनएचएआई टीम ने चार राज्यों के हाईवे और एक्सप्रेसवे पर लगे सर्विलांस कैमरों की मदद से करीब पांच घंटों तक गाड़ी का पीछा किया और शाम को राजस्थान-हरियाणा बॉर्डर स्थित एनएच-48 शहाजापुर टोल प्लाज पर बैरियर लगाकर अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करवा दिया गया। बताया जा रहा है कि राजस्थान के सीकर जिले से एक युवक अपनी प्रेमिका को शादी करने के लिए गाजियाबाद लेकर पहुंचा लेकिन लड़की के परिजन उसका राजस्थान से ही पीछे कर रहे थे जो थोड़ी देर में कोर्ट पहुंच गए। जहां से युवक को गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई, जिसमें आशंका जताई गई कि लड़की के परिजन लड़के की हत्या (ऑनर कीलिंग) भी कर सकते हैं। इसके बाद स्थानीय स्तर पर पुलिस सक्रिय हुई। कुछ ही देर में पुलिस ने उस गाड़ी का नंबर भी जुटा लिया, जिससे युवक का अपहरण कर लड़की के परिजन फरार हुए थे। पुलिस को शक था कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे या फिर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के जरिए दिल्ली होते हुए राजस्थान जा सकते हैं। ऐसे में एनएचएआई टीम से गाड़ी का नंबर देकर जानकारी मांगी गई। टीम ने अपने बाकी एक्सप्रेसवे और एनएच के टोल प्लाज पर गाड़ी नंबर साझा कर दिया।

**घटना के बाद आरोपी घुमाते रहे कार:** अपहरणकर्ताओं को इस बात की भनक थी कि पुलिस उनका पीछा भी कर सकती है। इसलिए वो कार को एक रास्ते से दूसरे रास्ते पर घुमाते रहे लेकिन इस दौरान एनएचएआई की गाजियाबाद, सोनीपत, रेवाड़ी, द्वारका की परियोजना क्रियान्वयन इकाईयों ने बहुत ही सक्रिय तरीके से काम किया और पुलिस को गाड़ी के हर मूवमेंट की जानकारी देते रहे।



### एक महीने भी नहीं चली डेढ़ करोड़ रुपए में बनी सड़क, तीन हफ्तों में उखड़ी, निगम कमिश्नर ने मांगा जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के राजनगर सेक्टर-14 में तीन हफ्ते पहली डेढ़ करोड़ रुपये से बनाई सड़क उखड़ गई। ठंड में सड़क बनवा दी गई। इस पर निगम अधिकारी भी सवालों के घेरे में आ रहे हैं। वहीं, लोग घटिया निर्माण सामग्री का आरोप लगा रहे हैं। नगर निगम के निर्माण विभाग ने 15वें वित्त आयोग से कई सड़कों की मरम्मत के टेंडर निकाले थे। काम के लिए अलग-अलग फर्म को वर्क ऑर्डर जारी हुए।

राजनगर सेक्टर-14 में एक सड़क का काम आरजी बिल्टकॉन कॉन्ट्रेक्टर को मिला। सड़क निर्माण पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च किए। ठेकेदार ने सड़क बनवाई, इसके तीन सप्ताह के बाद बजरी उखड़ने लगी। इससे हादसे की आशंका है। सड़क उखड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे व्हाट्सऐप ग्रुप पर वायरल किया गया है।

हालांकि, वीडियो की पुष्टि आपका अपना अखबार 'हिन्दुस्तान' नहीं करता है। सड़क का निर्माण शुरू होने से पहले विवाद हो गया था। एक पार्षद और कुछ लोगों ने आरोप लगाया था कि मरम्मत कराने की जरूरत नहीं है। यह सड़क पहले से ही ठीक स्थिति में थी। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत कराई गई।

**स्पष्टीकरण मांगा:** राजनगर की सड़क उखड़ने का मामला नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के संज्ञान में भी है। उन्होंने बताया सड़क पूरी नहीं बनी है। निर्माण विभाग से स्पष्टीकरण मांगा है।

## दिल्ली में पार्किंग के लिए जेब करनी पड़ेगी ढीली, एमसीडी बढ़ाने वाला है रेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में ज्यादातर लोग कहीं भी जाने के लिए अपने वाहन का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आपके लिए बुरी खबर है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के नक्शेकदम पर चलते हुए दिल्ली नगर पालिका (एमसीडी) जल्द ही पार्किंग के रेट बढ़ाने की तैयारी में है। राजधानी में जब भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का दूसरा चरण लागू होगा एमसीडी पार्किंग शुल्क में चार गुना इजाफा कर देगी। एमसीडीइसे लेकर सोमवार को होने वाली सदन की बैठक में प्रस्ताव पेश करेगी। प्रस्ताव का उद्देश्य एमसीडी कमिश्नर को सार्वजनिक नोटिस जारी करने के बाद दिल्ली में बढ़ी हुई पार्किंग दरों को बढ़ाने या वापस लेने का अधिकार देना है। जब भी ग्रैप के दूसरे चरण को लागू किया जाएगा या हटाया जाएगा तब कमिश्नर पार्किंग शुल्क में फेरबदल कर सकते हैं। एमसीडी में विपक्ष के नेता राजा इकबाल सिंह ने प्रस्तावित कदम का विरोध करते हुए कहा कि जनता पर बोझ बढ़ाने के बजाय नगर निगम को प्रदूषण नियंत्रण पर जागरूकता फैलाने पर ध्यान देना चाहिए।

एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में वर्तमान में सर्फेस और मल्टी-लेवल सुविधाओं सहित लगभग 420 पार्किंग स्थल आते हैं। इनमें से अधिकांश फैसिलिटीज में, चार पहिया वाहनों के लिए प्रति घंटे 20 रुपये और पांच घंटे या उससे अधिक के लिए 100 रुपये का शुल्क लिया जाता है। वहीं दोपहिया वाहनों के लिए दरें 10 रुपये प्रति घंटा और पांच घंटे या उससे अधिक के लिए 50 रुपये हैं। प्रस्ताव में कहा गया है, सीएक्यूएम ने मौजूदा पार्किंग शुल्क में की जाने वाली बढ़ोतरी तय नहीं की है। हालांकि, इस संबंध में, डीपीसीसी के 8 नवंबर, 2017 के आदेश का पालन किया जा सकता है।

## शादी का जश्न और लोन का झगड़ा, दिल्ली पुलिस के अफसर के बेटे की कत्ल की पूरी कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के असिस्टेंट कमिश्नर के 26 साल के बेटे की उसके दोस्तों ने हत्या कर दी। उधार वापस न करने पर उसे कथित तौर पर नहर में धक्का दे दिया। मृतक की पहचान लक्ष्य चौहान के तौर पर हुई है। उसकी डेड बॉडी तलाशने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। दो दोस्तों- विकास भारद्वाज और अभिषेक में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। चौहान अपने इन दो दोस्तों के साथ सोमवार को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए हरियाणा के सोनीपत गए थे।

हालांकि, जब लक्ष्य मंगलवार को घर नहीं आया और उसका फोन बंद आ रहा था तो एसीपी पिता यशपाल सिंह ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। सिंह बाहरी-उत्तरी दिल्ली में एसीपी (ऑपरेशंस) के पद पर तैनात हैं। जांच के दौरान, पुलिस को चौहान के लापता होने में साजिश का शक हुआ। उन्होंने गुमशुदगी की शिकायत को अपहरण की एफआईआर में बदल दिया। मामले से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को मामले में हत्या के धाराएं भी जोड़ दी गईं और एक दोस्त अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है।

**शादी में साथ चलने को कहा:** पेशे से वकील चौहान बाहरी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में अपने माता-पिता के साथ रहते थे। वह तीस हजारी कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे थे। अभिषेक से उनकी जान-पहचान थी जबकि भारद्वाज तीस हजारी में एक अन्य वकील के लिए क्लर्क के तौर पर काम करता था। चौहान के लापता होने के तीन दिन बाद, 19 साल के अभिषेक को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान, उसने पुलिस को बताया कि भारद्वाज ने उसे सोमवार दोपहर को फोन किया था, और सोनीपत में उसके और चौहान के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए कहा था। एक अधिकारी ने बताया कि मामले में शुक्रवार को हत्या की धारा जोड़ी गई और इस सिलसिले में अभिषेक को गिरफ्तार किया गया।

**पैसों को लेकर विवाद:** भारद्वाज ने अभिषेक को बताया था कि चौहान ने उससे कुछ पैसे उधार लिए थे लेकिन जब भी वह वापस करने को कहता तो वह उसके साथ दुर्व्यवहार करता। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसके बाद भारद्वाज ने अभिषेक के साथ मिलकर उसकी हत्या करने की साजिश रची। शादी से वापस आते समय तीनों ने मुनक नहर के पास शौच के लिए कार रोक दी। इसे सही मौका देखते हुए, भारद्वाज और अभिषेक ने कथित तौर पर चौहान को नहर में धक्का दे दिया और उसकी कार में घटनास्थल से भाग आए।

**विकास ने अभिषेक को छोड़ा घर:** पुलिस ने बताया कि जब आरोपी दिल्ली पहुंचे तो भारद्वाज ने अभिषेक को नरेला में छोड़ दिया और वहां से चला गया। अधिकारी ने बताया कि अभिषेक को गुरुवार को नरेला स्थित उसके घर से हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कहा, अभिषेक के बयान के आधार पर, उसे गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूत मिटाने) एफआईआर में जोड़ी गई। वहीं विकास को पकड़ने की कोशिशें जारी हैं।

### ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी में डिलीवरी ब्वॉय ने महिला वकील से की गंदी हरकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर क्षेत्र की सोसाइटी निवासी महिला वकील ने शुक्रवार को एक डिलीवरी ब्वॉय पर फ्लैट में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि डिलीवरी ब्वॉय ने उन्हें घर में अकेली पाकर छेड़छाड़ और गंदी हरकत करने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर सोसाइटी के लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी धुनाई कर दी। पीड़िता ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस के मुताबिक, महिला वकील ने एक डिलीवरी ब्वॉय के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दी है।

## हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस से दी गई सजा-ए-मौत

### यह तरीका अपनाने वाला पहला देश बना अमेरिका

**अलबामा , एजेंसी।** अमेरिका के अलबामा में एक कैदी को अलग तरह से मौत की सज़ा दी गई। कैदी को नाइट्रोजन गैस देकर उसकी जान ली गई। गुरुवार रात हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस सुंघाकर मौत की सजा दी गई है। अमेरिका में पहली बार मृत्युदंड के लिए इस तरीके का प्रयोग किया गया। केनेथ स्मिथ नाम के इस व्यक्ति को हत्या का दोषी पाया गया था। 58 साल का केनेथ स्मिथ दुनिया में मौत की सज़ा पाने वाला ऐसा पहला मुजरिम बन गया है, जिसकी नाइट्रोजन गैस के ज़रिए जान ली गई हो। 1982 में जहरीले इंजेक्शन से मृत्युदंड दिए जाने का प्रावधान करने के बाद से अब तक इसका ही प्रयोग किया जा रहा था।



58 साल के केनेथ इयूजीन स्मिथ को पहले भी सज़ा-ए-मौत देने की कोशिश की गई थी, लेकिन तब वो बच गया था। स्मिथ को फेस मास्क के जरिए नाइट्रोजन गैस में सांस लेने के लिए मजबूर किया गया। ऐसा करने से उसे ऑक्सीजन मिलनी बंद हो गई। केनेथ को जैसे ही मास्क के माध्यम से नाइट्रोजन गैस दी गई उसका शरीर कांपने लगा और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। तकरीबन 22 मिनट के बाद उसके शरीर में ऐंठन आ गई और उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## तालिबान द्वारा विमान उड़ाने का मजाक करने के मामले में ब्रिटिश-भारतीय छात्र बरी

**लंदन, एजेंसी।** एक ब्रिटिश-भारतीय छात्र को खुद को तालिबान का सदस्य बताकर विमान उड़ाने का मैसेज भेजने के चलते उत्पन्न हुई सार्वजनिक अव्यवस्था के आरोप से बरी कर दिया गया है।



बाथ यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र का छात्र आदित्य वर्मा जुलाई 2022 में दोस्तों के साथ मिनोर्का द्वीप जा रहा था, इस दौरान उसने स्नैपचैट पर कमेंट करते हुए दावा किया कि वह तालिबान का मेंबर है। वर्मा के गैटविक हवाईअड्डे से उड़ान भरने से पहले भेजे गए मैसेज में कहा गया था कि मैं विमान को उड़ाने जा रहा हूं और मैं तालिबान का सदस्य हूं। रिपोर्ट के अनुसार, मैड्रिड के राष्ट्रीय न्यायालय में आयोजित एक मुकदमे में, मैड्रिड के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि मामले में कोई विस्फोटक नहीं पाया गया... जिससे कोई यह विश्वास कर सके कि यह एक वास्तविक खतरा था। मैड्रिड की एक अदालत में सुनवाई के दौरान बताया गया कि मैसेज को गैटविक के वाई-फाई नेटवर्क पर ब्रिटिश सुरक्षा सेवा की ओर से पकड़ा गया था और स्पेनिश अधिकारियों को सतर्क किया गया था। जिसके बाद दो स्पेनिश एफ-18 लड़ाकू विमानों को उस विमान के पीछे भेजा गया था, जिसपर आदित्य वर्मा यात्रा कर रहा था।

गैटविक हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बीबीसी न्यूज को बताया कि उसके वाई-फाई नेटवर्क में वह क्षमता नहीं है, यहां तक कि एक एन्क्रिप्टेड ऐप स्नैपचैट ने भी इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। न्यायाधीश के प्रस्ताव में कहा गया है कि संदेश, अज्ञात कारणों से, इंग्लैंड के सुरक्षा तंत्र द्वारा पकड़ लिया गया था जब विमान फ्रांसीसी हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहा था, वर्मा, जो घटना के समय 18 वर्ष के थे, को गिरफ्तार कर लिया गया और दो दिनों तक पुलिस हिसारत में रखा गया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। यूके में, ऑरपिंगटन, केंट में अपने घर लौटने से पहले, ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों एमआई5 और एमआई6 ने उससे पूछताछ की थी। सोमवार को अदालत में पेश होते हुए, आदित्य ने कहा कि मैसेज एक प्राइवेट ग्रुप में मजाक के तौर पर भेजा गया था और उसका इरादा कभी भी सार्वजनिक संकट पैदा करना या नुकसान पहुंचाना नहीं था। बीबीसी की रिपोर्ट में आदित्य के हवाले से कहा गया, यह सिर्फ मेरे उन दोस्तों को भेजा गया था जिनके साथ मैं उस दिन यात्रा कर रहा था... स्कूल के बाद से, यह मेरी विशेषताओं के कारण एक मजाक रहा है... यह सिर्फ लोगों को हंसाने के लिए था। यदि आदित्य दोषी पाया गया, तो उस पर 22,500 यूरो (19,300 पाउंड) तक का जुर्माना और जेट विमानों की लागत को कवर करने के लिए 95,000 यूरो का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जा सकता है।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पाकिस्तान को लगी मिर्च, यूएन को चिट्ठी लिख कहा- ये सिर्फ बाबरी पर नहीं रुकेंगे...

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक बैठक के दौरान यह मांग की। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से पाकिस्तान भड़का हुआ है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर भारत में मौजूद इस्लामिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। पाकिस्तान के द डॉन वेबसाइट की एक रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने न्यूयॉर्क स्थित




संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक बैठक के दौरान यह मांग की। यह बैठक ओआईसी सदस्य देशों के बीच हो रही थी। इसी बैठक में इस मामले को उठाया गया।

**पाकिस्तान ने की ये मांग:** पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर कहा कि भारत के अयोध्या में ध्वस्त बाबरी मस्जिद के स्थान पर राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा की वह कड़े शब्दों में निंदा करता है। इससे भारत में रहने वाले मुस्लिम लोगों में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कल्याण के साथ-साथ क्षेत्र में सद्भाव और शांति के लिए भी गंभीर खतरा पैदा होगा। पाकिस्तान ने इस मामले में यूएन से हस्तक्षेप करने की मांग की है। पत्र में कहा गया कि यूएन को इस मामले में उचित कदम उठाने चाहिए। मुनीर अकरम ने अपने पत्र में कहा कि अफसोस की बात यह है कि यह कोई अकेली घटना नहीं है। वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद के अलावा अन्य मस्जिदों को मिटाने की कोशिश की जा रही है।

**प्राण प्रतिष्ठा पर भी सामने था बयान:** बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी पाकिस्तान की ओर से बयान सामने आया था। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने इस पर बयान जारी करते हुए कहा कि उन्मादी भीड़ ने बाबरी मस्जिद को गिरा दिया। ये घटना निंदनीय है। सुप्रीम कोर्ट ने भी हिंदू पक्ष के हक में फैसला लिया और वहां राम मंदिर बनाया गया है।

## ग्वाटेमाला में 6.0 तीव्रता से कांपी धरती, इमारतों को पहुंचा नुकसान; अल साल्वाडोर तक महसूस हुए झटके

**ग्वाटेमाला सिटी , एजेंसी।** मध्य अमेरिका के ग्वाटेमाला में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। ग्वाटेमाला की भूकंप विज्ञान एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार देर रात ग्वाटेमाला के दक्षिणी प्रशांत तट पर 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। समाचार एजेंसी रायटर ने भूकंप विज्ञान एजेंसी के हवाले से बताया कि 6.0 तीव्रता वाला भूकंप एस्कुइंटला क्षेत्र में आया है। भूकंप के झटके पड़ोसी देश अल साल्वाडोर में भी किए गए हैं। हालांकि, भूकंप के कारण किसी को कई हानि नहीं पहुंची है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, शुक्रवार देर रात ग्वाटेमाला के दक्षिणी प्रशांत तट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता तेज होने के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। इसके साथ ही इमारतों को नुकसान की शुरुआती रिपोर्टें सामने आई है। ग्वाटेमाला की आपातकालीन सेवा एजेंसी कॉनरेड ने कहा कि भूकंप के केंद्र के उत्तर-पश्चिम में सैन पाब्लो शहर में एक चर्च के सामने का हिस्सा गिर गया है। अल साल्वाडोर के अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के झटके तेज थे। आधी रात को आए भूकंप के झटकों के कारण किसी के घायल होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। अधिकारी ने कहा कि वह हालातों पर नजर रख रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129